		पर करना होगा या यद्यपि ऐसे समय के अंतर्गत वस्तु बनाने के लिए परिवर्तन की प्रक्रिया, पुनर्निमाण या ऐसे कार्य को हटाकर एवं मानक विनिर्देशनों तक नवीन उपकरणों को लगाने की युक्तियुक्त आवश्यकता हो सकती है । संविदाकार का ऐसा करने में असफल रहने की दशा में, नियोक्ता संविदाकार को ऐसा करने हेतु सात (7) दिनों की लिखित सूचना देगा । कार्य के अंश को हटाने की प्रक्रिया, इसलिए संविदाकार की लागत पर शिकायत कर, ऐसे समस्त कार्यों को प्रस्तुत करता है या धारा में प्रदत्त ऐसे उपकरणों को नियोक्ता से वंचित या संविदा के अंतर्गत किसी अधिकारों से प्रभावित समझा जाएगा । नियोक्ता अन्यथा ऐसी त्रुटियों एवं कमियों के हित में है ।
	82.2	इस धारा के अंतर्गत संविदाकार नियोक्ता को अतिरिक्त लागत का भुगतान से संतुष्ट करने का पूरा एवं अधिकतम दायित्व होगा । जो संविदा में प्रदत्त निकास/प्रतिष्ठापन सहित ऐसे पुनर्स्थापन को प्राप्त करना हेता है । एसी अतिरिक्त लागत की सुनिश्चितता ऐसे पुनर्स्थापन के लिए नियोक्ता द्वारा देय राशि के बीच भिन्न होती है और ऐसे पुनर्भुगतान के लिए संविदा के मूल्य का अंश और ऐसे पुनर्भुगतान के हित में संविदाकार को नियोक्ता द्वारा किसी देय राशि का पुनर्भुगतान करना होता है । क्या नियोक्ता को इसीलिए त्रुटिपूर्ण संयंत्र की स्थापना नहीं करना चाहिए । ऐसे त्रुटिपूर्ण संयंत्र के लिए संविदा के अंतर्गत नियोक्ता द्वारा समस्त ऐसी देय राशि की पुनर्भुगतान की सीमा इस धारा के अंतर्गत संविदाकार की अधिकतम दायित्व होगा ।
85. क्षतिपूर्ति	85.1	यदि न्यायालय, अधिकरण के पास कोई कार्रवाई की जाती है या नियोक्ता के विरूद्ध कोई विरूद्ध या कोई अधिकारी या असफलता, लोप के लिए नियोक्ता का एजेंट या संविदाकार की ओर से किसी अधिनियमों, मामलों की उपेक्षा होती है या संविदा के अंतर्गत वस्तुओं या नुकसान या जख्म के कारण अभिकथित लोप या संविदाकार, उसके एजेंट्स, प्रतिनिधियों की ओर से उपेक्षित या उसके संविदाकार या उप संविदाकारों के कारीगारों की आपूर्तिकर्तओं के कानूनी मांग पर आधारित किसी दावा से संबंधित या कर्मचारियों, संविदाकार ऐसे मामलों में क्षतिपूर्ति करेगा या नियोक्ता कायम रखेगा या उनके प्रतिनिधि समस्त हानियों, नुकसानों एवं खर्चों से हानि रहित रहेगा या ऐसे कार्रवाई से डिक्री होगा ।
86. निर्माण सहायता, उपकरण, औजार एवं साजो सामान	86.1	संविदाकार कार्यनिष्पादन हेतु सभी अपेक्षित निर्माण उपकरणों, विशेष एडान, बजरों, क्रेनों, एवं ऐसे समस्त टूल्स, साजों सामानों एवं जांच उपकरणों के अपेक्षानुसार आयात

		आदि की आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराने के लिए पूर्णरूपेण जिम्मेदार होगा । इनके आयात किए जाने के मामले में ऐसे उपकरणों, औजारों एवं साजो सामान पर आयात शुल्क की दर उन पर लागू ड्यूटी ड्रॉ बैक का पता संविदाकार को भारत सरकार की संबंधित प्राधिकरण से करना चाहिए । भली भांति समझाना चाहिए कि कस्टम अनापत्ति और/या किसी ड्यूटी का भुगतान और/या ड्यूटी ड्रॉ बैक आदि की व्यवस्था करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा । संविदाकार द्वारा आयात किए गए ऐसे किसी भी उपकरण और सभी करों, ड्यूटी और डाक्यूमेंटेशन के लिए उत्तरदायी होगा । इस मामले में किसी स्पष्टीकरण भारत सरकार की संबंधित एजेंसी/विभाग/मंत्रालय उसे ही संपर्क करना होगा । ऐसे हासिल किए गए समस्त स्पष्टीकरण और उनकी व्याख्या संविदाकार की जिम्मेदारी होगी ।
खंड-VI		**प्रमाणपत्र और भुगतान**
87 दर सूची एवं भुगतान	87.1	संविदाकार की परिलब्धियां नियोक्ता द्वारा संविदाकार को संविदा कागजात के अंतर्गत संविदकार द्वारा कार्य संपन्न किए जाने वाले कार्य को संपन्न करने और पूरे किए गए दायित्वों हेतु भुगतान के मूल्य का निर्धारण संबंधित दर निर्धारण अनुसूची (प्रकृति जिसे प्रयोज्यता द्वारा अधिक निर्धारित किया जाता है लेकिन न कि परिसीमन द्वारा) इस धारा की परवर्ती उप धारा के साथ और वस्तुत: निष्पादित कार्य के लिए जिसे प्रभारी अभियंता की स्वीकृति होने पर भुगतान किया जाएगा । ऐसी निर्धारित राशि (यहां जैसे कि उपलब्ध कराई गई है के अलावा) संविदाकार की एकमात्र एवं पूर्ण परिलब्धि होगी तथा कोई अन्य या अन्य कोई भुगतान जैसा भी हो जो नियत होगा या संविदा के अंतर्गत संविदकार को भुगतान योग्य होगा । (ii) शामिल की जाने वाली दर सूची : संविदाकार द्वारा उदघृत मूल्य/दरें अंतिम प्रमाणपत्र जारी होने तक अपरिवर्तित रहेंगी और वृद्धि के अध्यधीन नहीं होंगी । दर अनुसूची में संविदा कागजात के अनुसार सभी प्रकार की लागतें, व्यय एवं प्रत्येक प्रकार का दायित्व एवं संविदकार द्वारा नियोक्ता को कार्य के निष्पादन, पूर्णता एवं उसे सौंपने में शामिल समस्त प्रकार के जोखिम शामिल माने जाएंगे। संविदकार को कार्य की मात्रा, प्रकृति, विस्तार एवं तीव्रता तथा अपेक्षित सामग्रियों का ज्ञान है माना जाएगा । चाहे संविदा कागजात स्पष्टता न प्रकट कर रहे हों । निविदाकर्ता को कार्य की ऐसी मदों एवं सामग्रियों को ध्यान में रखते हुए

		दर अनुसूची में इन सबका प्रावधान रखना चाहिए जिससे कार्य संपन्न हो सके । प्रभारी अभियंता का मत कार्य की सामग्रियों जो कि कार्य संपन्न करने के लिए आवश्यक एवं औचित्यपूर्ण है, हेतु संविदकार अंतिम और बाध्यकारी होगा, हालांकि इसे प्रकट नहीं किया जाता है या विशेषकर संविदा कागजात की वर्णित नहीं है । इस विद्यमान प्रावधान सामान्यता कमी करने या किसी भी तरह सीमित नहीं करते क्योंकि किन्हीं मामलों में ऐसा हो सकता है और किन्हीं मामलों में ऐसा नहीं कहा जा सकता है कि संविदकार कार्य करें या कार्य निष्पादन करें या समान की आपूर्ति करें या अपनी लागत पर सेवाएं प्रदान करें या भुगतान में बिना किसी वृद्धि के या बिना किसी अतिरिक्त प्रभार या समान प्रभाव वाले शब्दों या ऐसा वर्णित है या ऐसा वर्णित नहीं है कि ये शामिल है और दर अनुसूची में शामिल है । (iii) निर्माण उपकरणों, सामग्रियों, श्रम आदि को आवरित करने वाली दर अनुसूची पिछली उप धारा के प्रावधानों को किसी भी प्रकार से सीमित न करते हुए दर अनुसूची में समस्त निर्माण उपकरणों, अस्थाई कार्य (यहां जैसी व्यवस्था है के सिवाय), पंप, सामग्री, श्रम, बीमा, ईंधन, खपत होने वाली सामग्री, भंडार एवं संविदाकार द्वारा आपूर्ति किए गए उपस्कर और दर अनुसूची की प्रत्येक मद संबंध में सभी मामले और काम का निष्पादन या उसका कोई भाग जो पूर्ण हो गया हो, पूर्णत तैयार तथा दिखाए गए अनुसार अनुरक्षित या संविदा कागजात में यथा निर्दिष्ट या संविदा के क्रियान्वयन की अवधि में लिखित में आदेशित लागत को शामिल तथा आवरित माना जाएगा। (iv) रायल्टी, भाड़ा एवं दावों को आवरित करने के लिए दर अनुसूची दर अनुसूची में (अर्थात संविदा का मूल्य) में समझा जाएगा कि समस्त रायल्टीज की लागत एवं मदों एवं प्रक्रियाओं हेतु शुल्क शामिल है जोकि शब्दश:, पेटेंट और अन्यथा गठित है या कार्य के संबंध में उपयोग में शामिल है, साथ ही समस्त रायल्टीज, भाड़ा एवं कार्य संपन्न करने के लिए किसी भी प्रकार की सामग्री प्राप्त करने में नियोक्त को क्षतिपूर्ति शामिल है,

		मिलेगी जिसे संविदाकार एतद्द्वारा सभी कार्रवाइयों, कार्यवाहियों, दावों, क्षतियों, लागतों और व्ययों जो कि गठित होने या ऐसी मदों, प्रक्रियाओं, सामग्रियों, चुंगी या अन्य नगर निगम या स्थानीय बोर्ड प्रभार क्षति पूर्ति देगा यदि कार्य पर उपयोग हेतु लाई जाने हेतु सामग्रियों, उपकरणों या मशीनों पर व्यय को संविदाकार वहन करेगा। (v) करों एवं शुल्कों को शामिल करने के लिए दर अनुसूचित दर अनुसूची में (अर्थात संविदा का मूल्य) में समझा जाएगा कि समस्त रायल्टीज की लागत एवं मदों एवं प्रक्रियाओं हेतु शुल्क शामिल है जोकि शब्दश:, पेटेंट और अन्यथा गठित है या कार्य के संबंध में उपयोग में शामिल है, साथ ही समस्त रायल्टीज, भाड़ा एवं कार्य संपन्न करने के लिए किसी भी प्रकार की सामग्री प्राप्त करने में नियोक्त को क्षतिपूर्ति शामिल है, मिलेगी जिसे संविदाकार एतद्द्वारा सभी कार्रवाइयों, कार्यवाहियों, दावों, क्षतियों, लागतों और व्ययों जो कि गठित होने या ऐसी मदों, प्रक्रियाओं, सामग्रियों, चुंगी या अन्य नगर निगम या स्थानीय बोर्ड प्रभार क्षति पूर्ति देगा यदि कार्य पर उपयोग हेतु लाई जाने हेतु सामग्रियों, उपकरणों या मशीनों पर व्यय को संविदाकार वहन करेगा।

v) <u>विलम्ब जोखिम को कवर करने की दर अनुसूची :</u>

दर अनुसूची में कार्य के बारे में संविदाकार के आचरण की वजह से विलम्ब की सभी संभावनाओं और व्यवधान को शामिल किया गया तथा कवर किया गया माना जाएगा जो नियोक्ता द्वारा अपनी शक्तियों का प्रयोग करके दिए गए आदेशों और विभिन्न कारणों से बढ़ाई गई समय-अवधि सहित किसी कारण से अथवा सभी अन्य संभावित अथवा विलम्ब के संभावित कारणों से उत्पन्न हो सकता है।

vi) <u>अनुसूची की दरों में परिवर्तन नहीं किया जा सकता :</u>

यूनिट दर आधारित किसी कार्य के संबंध में दर अनुसूची में संबंधित कार्यों अथवा उनके किसी भाग में संशोधन किए जाने, परिवर्तन किए जाने, विस्तार किए जाने, कम किए जाने अथवा कार्य किए जाने के कारण कोई परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अनुसूची में उल्लिखित दरों में उन दरों को पूर्णत: शामिल किया गया है जो संविदाकार ने निर्धारित की हैं तथा जिन पर नियोक्ता ने सहमति व्यक्त की है और इन्हें परिवर्तित नहीं किया जा सकता।

एकमुश्त संविदाकारों को वास्तविक रूप से किए गए कार्य के अनुसार भुगतान किया जाएगा जिसके लिए एक मदवार अथवा कार्य-वार दर अनुसूची प्रेषित की जाएगी जो किए गए कार्य के मूल्य का आकलन करने और चालू खाता बिल तैयार करने के लिए उपयुक्त होगी।

दर अनुसूची में शामिल न किए गए किसी अतिरिक्त कार्य के लिए भुगतान केवल परिवर्तन आदेश जारी किए जाने के बाद ही किया जाएगा।

88 किए जा रहे कार्य को मापने और बिल बनाने की प्रक्रिया-विधि :

88.1 <u>बिल बनाने की प्रक्रिया</u> :

संविदाकार द्वारा किए गए कार्यों के बिल तैयार करने में निम्नलिखित प्रक्रियाविधि अपनाई जाएगी :

88.1.1 सभी प्रकार की माप संबंधित नियोक्ता द्वारा प्रदान की गई मानक मापने की शीट पर छह प्रतियों में दर्ज की जाएगी और जांच तथा पास करने के लिए नियोक्ता / परामर्शदाता को प्रस्तुत की जाएगी।

88.1.2 नियोक्ता/परामर्शदाता मानक शीट पर दर्ज की गई माप की जांच तथा छानबीन करेगा और मापने की इन शीटों पर संबंधित माप की वास्तविकता को सत्यापित करेगा।

88.1.3 प्रभारी इंजीनियर इस संविदा की निबंधन और शर्तों के अनुसार विस्तृत जांच करने के बाद सभी प्रकार से पूर्ण करके प्रस्तुत किए गए बिल को प्रस्तुत किए जाने के 7 दिन के भीतर पास करेगा और उन्हे नियोक्ता को संविदाकार को उनका भुगतान करने के लिए भेजेगा।

88.1.4 गेल संबंधित प्रभारी इंजीनियर द्वारा सत्यापन की तारीख से 15 दिन (पन्द्रह) के भीतर संयुक्त माप के आधार पर प्रस्तुत किए गए बिल की निरपवाद राशि का भुगतान करने का प्रयास करेगी।

88.1.5 सभी प्रकार की माप नियोक्ता/परामर्शदाता विनिर्देशन/संविदा दस्तावेज में यथा-निर्धारित पद्धतियों के अनुसार दर्ज की जाएगी। नियोक्ता/परामर्शदाता संबंधित माप बहियों/बिलों में दर्ज की गई माप की मात्रा तथा गुणवत्ता की जांच करने के लिए पूर्णत: उत्तरदायी होगा।

88.1.6 अंतिम बिल तैयार करते समय समग्र माप को पुन: नहीं लिया जाएगा। केवल पिछली माप के बिल के बाद में निष्पादित किए गए कार्य की मात्रा पर ही अंतिम माप के सार के साथ अंतिम बिल के लिए विचार किया जाएगा। तथापि, कोई माप छूट जाने के बारे में विस्तृत जांच की जाएगी तथा किसी मद अथवा माप के छूट जाने की स्थिति में उसे दर्ज किया जाएगा।

88.1.7 <u>कम्प्यूटरीकृत बिलिंग प्रणाली</u> : गेल (इंडिया) लिमिटेड ने कम्प्यूटरीकृत बिलिंग प्रणाली शुरू की है जिसमें संविदाकार की ओर से गेल में बिल प्रस्तुत किए जाने पर एक रसीद तैयार की जाती है। संबंधित संविदाकार गेल की वेबसाइट से अपने बिल की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकता है।

88.2 <u>सामग्री के संबंध में अग्रिम जमानती राशि</u> :

जब तक इस निविदा में अन्यथा उपबंधित न हो संविदा की मद (मदों) को निष्पादित करने के लिए कार्य स्थल पर लाई गई सामग्री की जमानत पर संविदाकार को किसी भी प्रकार की 'जमानती अग्रिम राशि' प्रदान नहीं की जाएगी।

88.3 <u>माप से संबंधित विवाद</u> :

कार्य की किसी मद के संबंध में इस संविदा में कवर न की गई किसी माप पद्धति के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में अद्यतन भारतीय मानक विनिर्देशनों के अनुसार माप पद्धति का अनुसरण किया जाएगा।

88.4 <u>राशि को पूर्णांक बनाना</u> :

भुगतान के लिए तैयार किए गए प्रत्येक प्रमाण-पत्र में संविदाकार को प्रत्येक मद के संबंध में देय राशि की गणना करने के लिए 50 पैसे से कम की राशि को छोड़ दिया जाएगा और प्रत्येक प्रमाण-पत्र की कुल राशि निकटतम रुपए में पूर्णांक बनाई जाएगी अर्थात 50 पैसे से कम की राशि की गणना नहीं की जाएगी तथा 50 पैसे से लेकर एक रुपए तक की राशि को एक रूपया माना जाएगा।

89 निविदा में एक-मुश्त राशि:

89.1 किसी एकमुश्त मद के बारे में भुगतान केवल संविदा के प्रावधान के अनुसार उस मद के पूरी होने पर संबंधित प्रभारी इंजीनियर द्वारा प्रमाण-पत्र जारी करने पर किया जाएगा।

90 अग्रिम के रूप में माना जाने वाला चालू खाता भुगतान :

90.1 सभी चालू खाता भुगतान को केवल अंतिम भुगतान के संबंध में किया गया अग्रिम भुगतान माना जाएगा और इसे वास्तविक रूप से किए गए तथा पूरे किए गए कार्य के लिए भुगतान नहीं माना जाएगा तथा इससे खराब, कमजोर और अपूर्ण अथवा अकुशल कार्य को हटाए जाने अथवा समस्या को दूर करने एवं पुन: निर्माण करने अथवा पुन: स्थापित करने अथवा संविदा के उचित निष्पादन को स्वीकार किए जाने पर विचार करने अथवा उसके किसी भाग पर इस संबंध में विचार किए जाने की अपेक्षा करने अथवा संविदाकार द्वारा किसी दावे के उत्पन्न होने पर कोई रोक नहीं लगेगी और न ही इसका इन शर्तों के तहत अथवा इनमें से किसी शर्त के तहत लेखाओं के अंतिम निपटान तथा समायोजन के संबंध में अथवा अन्यथा के संबंध में अथवा किसी अन्य प्रकार से नियोक्ता की शक्तियों पर कोई परिणाम नहीं होगा, निर्धारण नहीं होगा अथवा प्रभाव नहीं होगा अथवा संविदा पर कोई प्रभाव नहीं होगा अथवा संविदा में परिवर्तन नहीं होगा। संविदाकार को वास्तविक रूप से कार्य पूरा किए जाने की जारीख से एक माह के भीतर अंतिम बिल प्रस्तुत करना होगा अन्यथा प्रभारी इंजीनियर द्वारा माप का प्रमाण-पत्र और तदनुसार कार्य के लिए देय कुल राशि अंतिम होगी तथा सभी पक्षों के लिए बाध्यकारी होगी।

91 अतिरिक्त भुगतान के लिए दावों की सूचना देना :

91.1 यदि संविदाकार यह सोचता है कि उसके द्वारा कार्य के संबंध में मूल विनिर्देशन में परिवर्तन किए जाने के कारण किए गए किसी अतिरिक्त/अन्य कार्यों अथवा सामग्री के लिए अतिरिक्त भुगतान किया जाना चाहिए तो वह लिखित में संबंधित प्रभारी इंजीनियर को लिखित में तत्काल यह सूचना देगा कि उसने अतिरिक्त भुगतान का दावा किया है। इस प्रकार की सूचना उस प्रभारी इंजीनियर को दी जाएगी जिसे संविदाकार इस प्रकार के दावे प्रस्तुत करेगा और इस प्रकार की सूचना में दावा की गई पूरी राशि के ब्यौरे सहित इस प्रकार के दावे के स्वरूप का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। इस संविदा में किसी प्रतिकूल प्रावधान के बावजूद संविदाकार को इस प्रकार का कार्य शुरू करने के 10 (दस) दिन के भीतर नियोक्ता को दावा प्रस्तुत करने के अपने इरादे के बारे में और 30 (तीस) दिन के भीतर दावे की मात्रा के संबंध में सूचित करना चाहिए, ऐसा न करने पर संविदाकार किसी प्रतिपूर्ति/क्षतिपूर्ति/हर्जाने का दावा करने अथवा मामले को

विवाचन के लिए भेजे जाने के अपने अधिकार को खो देगा। संविदाकार के उपर्युक्त उल्लिखित अनिवार्य ब्यौरे के बिना किसी दावे को उपर्युक्त विनिर्दिष्ट अवधि में प्रस्तुत न करने पर उसे पूरी तरह छोड़ना होगा। यदि संविदाकार उपर्युक्त आवश्यक विवरण और निर्धारित समय-सीमा के भीतर किसी दावे को प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो उसे इस प्रकार के दावे को पूर्णत: छोड़ना होगा। नियोक्ता की ओर से ऐसे दावे को रद्द करने में न तो विलम्ब होना चाहिए और न ही कोई चूक होनी चाहिए तथा यदि ऐसा होता है तो यह माना जाएगा कि नियोक्ता को इस संबंध में जो अधिकार प्राप्त है, उनमें से उसने किसी भी अधिकार का प्रयोग नहीं किया है।

91.2 प्रभारी इंजीनियर यथा-उपयुक्त समय-अवधि के भीतर इस प्रकार के दावों की समीक्षा करेगा तथा उपयुक्त रूप से विचार-विमर्श किए जाने के बाद यथा-उपयुक्त तरीके से इनका निपटान करेगा। तथापि संविदाकार इस प्रकार के दावों के परिणाम

पर ध्यान दिए बिना उसके दावों पर नियोक्ता द्वारा विचार किए जाने की अवधि के दौरान कार्य को जारी रखेगा, यदि कार्यों के लिए अतिरिक्त भुगतान को संविदा के प्रावधानों के अनुसार औचित्यपूर्ण माना जाता है तो नियोक्ता उसे सामान्य कार्य के भुगतान की तरह ही जारी करने की व्यवस्था करेगा। नियोक्ता द्वारा इस प्रकार स्वीकार किए गए अतिरिक्त कार्यों को संविदा के यथा-लागू सभी निबंधनों, शर्तों, निर्धारण तथा विनिर्देशनों से अभिशासित किया जाएगा। इस प्रकार के अतिरिक्त कार्यों की दर सामान्यत: संविदा में उल्लिखित यूनिट दर होगी। इस प्रकार किए गए कार्यों के संबंध में संविदा के अनुसार यूनिट दर उपलब्ध न होने की स्थिति में इनका भुगतान कार्य-दिवस जिसके लिए कामगारों के लिए प्रतिदिन/घण्टा दर और उपस्कर के लिए घण्टा दर लागू होगी, के आधार पर अथवा संविदा में पहले से मौजूद यूनिट दर के इंटरपोलेशन/एक्स्ट्रापोलेशन से निर्धारित की गई यूनिट दर के आधार पर दिया जाएगा। इन दर को लागू करने और संविदाकार के अतिरिक्त कार्य के दावे को अन्यथा स्वीकार करने से संबंधित सभी मामलों में प्रभारी इंजीनियर का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

92 संविदाकार के बिलों का भुगतान :

92.1 जब तक समग्र कार्य पूरा न कर लिया जाए और कार्य पूरा करने संबंधी प्रमाण-पत्र प्रदान न कर दिया जाए 10,000 रुपए से कम लागत के कार्य के लिए कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। किंतु अनुमानित कार्य 10,000 रुपए से अधिक की लागत का होने की स्थिति में वह संविदाकार उस प्रभारी इंजीनियर द्वारा अनुमोदित तथा पास किए गए उसके भाग के अनुपात में मासिक भुगतान प्राप्त करने का पात्र होगा, जिसके इस प्रकार के अनुमोदन तथा पास किए जाने संबंधी प्रमाण-पत्र के अनुसार इस प्रकार देय राशि संविदाकार के लिए अंतिम और निर्णायक होगी। इस प्रकार की राशि का भुगतान संबंधित सामग्री, संविदा निष्पादन प्रतिभूति, कर इत्यादि के संबंध में संविदा दस्तावेज में यथा-निर्धारित अनिवार्य संशोधन/कटौती करने के बाद ही किया जाएगा।

92.2 नियोक्ता द्वारा संविदाकार को देय राशि का भुगतान संविदाकार के पंजीकृत कार्यालय अथवा अधिसूचित कार्यालय को खाता भुगतान चैक भेजकर किया जाएगा। किसी अप्राधिकृत व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा इस प्रकार के चैक का दुरुपयोग/दुर्विनियोजन किए जाने पर नियोक्ता किसी भी स्थिति में उत्तरदायी नहीं होगा। सभी मामलों में संविदाकार उपयुक्त रूप से रसीदी टिकट लगे कागज पर विधिवत रूप से पहले से प्राप्त बिल को प्रस्तुत करेगा और भुगतान भारतीय रुपए में किया जाएगा।

93 भुगतान प्राप्त करना :

92.3 सामान्यत: संविदाकार को इस संविदा के तहत सभी दायित्वों को पूरा करने के बाद संयुक्त माप के आधार पर बिल प्रस्तुत करने के 60 दिन के भीतर अंतिम बिल का भुगतान कर दिया जाएगा।

93.1 किसी फर्म द्वारा कार्य निष्पादित किए जाने की स्थिति में किए जाने वाले भुगतान की रसीद पर, यदि संविदाकारों का लिमिटेड कम्पनी के रूप में उनकी निविदा में उल्लेख किया गया है तो इस रसीद पर

कम्पनी की ओर से इसके किसी प्रधान अधिकारी अथवा कम्पनी की ओर से राशि प्राप्त करने का प्राधिकार रखने वाले कुछ अन्य व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए, की स्थिति को छोड़कर संविदाकार की ओर से पावर आफ अटार्नी रखने वाले किसी व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

94 कार्य पूरा करने संबंधी प्रमाण-पत्र: 94.1 <u>कार्य पूरा करने संबंधी प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन करना :</u>

संविदाकार अपने दायित्व को पूरा करने के बाद कार्य पूरा करने संबंधी प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन करने का पात्र होगा।

संबंधित प्रभारी इंजीनियर सामान्यत: संविदाकार से कोई आवेदन प्राप्त करने के बाद कार्य पूरा करने संबंधी दस्तावेजों का सत्यापन करने तथा इस बात से संतुष्ट होने के बाद कि संबंधित कार्य संविदा दस्तावेज के अनुसार और इसमें निर्धारित किए गए निर्माण तथा स्थापना नक्शें के अनुसार पूरा कर दिया गया है, एक माह के भीतर कार्य पूरा करने संबंधी प्रमाण-पत्र जारी करेगा।

इस प्रमाण-पत्र को प्राप्त करने के बाद संविदाकार इस संविदा की शर्तों के तहत निष्पादित किए गए कार्य का अंतिम बिल प्रस्तुत करने का पात्र होगा।

94.2 <u>कार्य पूरा करने संबंधी प्रमाण-पत्र :</u>

सभी प्रकार से कार्य को पूरा करने के एक माह के भीतर संविदाकार को संबंधित प्रभारी इंजीनियर द्वारा कार्य पूरा करने का प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा किंतु जब तक कार्य-स्थल से सभी प्रकार की संरचना, अतिरिक्त सामग्री और कूड़ा-करकट पूरी तरह साफ न कर दिया जाए और प्रभारी इंजीनियर द्वारा उस की माप न कर ली जाए जिसकी माप बाध्यकारी और निर्णायक होगी, कोई प्रमाण-पत्र प्रदान नहीं किया जाएगा और न ही कार्य को निष्पादित किया गया माना जाएगा। जब तक प्रभारी इंजीनियर इस बात से संतुष्ट न हो जाए कि सभी अस्थाई कार्य, श्रमिक तथा स्टाफ कालोनी साफ कर दी गई है, कार्य को पूरा किया गया और नियोक्ता द्वारा स्वीकार किया गया नहीं माना जाएगा।

यदि संविदाकार कार्य को पूरा करने के लिए निर्धारित की गई तारीख को अथवा उससे पहले इस खण्ड की अपेक्षाओं का अनुपालन करने में असफल रहता है तो प्रभारी इंजीनियर उस संविदाकार के खर्च पर इस प्रकार की संरचना, अतिरिक्त सामग्री ओर कूड़ा-करकट को हटवा सकता है और यथा-उपयुक्त रूप से इसका निपटारा कर सकता है तथा इस प्रकार की उपर्युक्त सामग्री को साफ करवा सकता है और संविदाकार इस प्रकार वहन किए गए व्यय की राशि का भुगतान तत्काल करेगा तथा उसे इस प्रकार की सामग्री का विक्रय करके प्राप्त की गई वास्तविक राशि को छोड़कर, इस प्रकार की किसी संरचना अथवा अतिरिक्त सामग्री के संबंध में दावा करने का अधिकार नहीं होगा।

94.3 <u>कार्य पूरा करने संबंधी प्रमाण-पत्र दस्तावेज :</u>

खण्ड 94.0 के उद्देश्यार्थ निम्नलिखित दस्तावेजों को कार्य पूरा करने संबंधी दस्तावेज माना जाएगा :

i) वे तकनीकी दस्तावेज जिनके अनुसार कार्य किया गया था।

ii) निर्माण नक्शों के छह (6) सैट जिनमें कार्य निष्पादित करने के

दौरान किए गए संशोधन और शुद्धियों को दर्शाया गया हो तथा उन पर प्रभारी इंजीनियर द्वारा हस्ताक्षर किए गए हों।

iii) 'एम्बेडिड' और 'कवर्ड' अप कार्य के लिए पूरा करने संबंधी प्रमाण-पत्र।

iv) विभिन्न कार्यों के लिए यथा-निर्धारित अंतिम स्तर प्रमाण-पत्र।

v) विभिन्न कार्यों के लिए की गई जांच संबंधी प्रमाण-पत्र।

vi) सामग्री विनियोजन, कार्य के लिए नियोक्ता द्वारा जारी की गई सामग्री का विवरण और नियोक्ता के स्टोर को वापस की गई अतिरिक्त सामग्री की सूची जिनके बारे में विधिवत रूप से सहायक अनिवार्य दस्तावेज संलग्न किए गए हों।

95 अंतिम निर्णय और अंतिम प्रमाण-पत्र :

95.1 दायित्व की अवधि समाप्त होने पर और प्रभारी इंजीनियर के इस बात से संतुष्ट हो जाने की शर्त के अधीन कि संविदाकार ने खण्ड 80 और 81 में यथा उपबंधित वर्षा ऋतु अथवा इसी प्रकार की अवधि के दौरान कार्य को विधिवत रूप से अनुरक्षित रखा गया है और यह कि संविदाकर ने किसी कमी को पूण्रत: पूरा कर दिया है तथा संविदा के तहत अपने सभी दायित्वों को निष्पादित किया है, प्रभारी इंजीनियर (इसके प्रासंगिक खण्ड के प्रावधानों को बनाए रखने के नियोक्ता के अधिकारों को प्रभावित किए बिना) इसमें अंतिम प्रमाण-पत्र के रूप में यथा-उल्लिखित इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रदान करेगा और नियोक्ता द्वारा कार्य के बारे में की गई किसी पूर्ववर्ती प्रविष्टि और कब्जा लिए जाने, उसका उपयोग किए जाने अथवा उस पर कार्य किए जाने अथवा उसके किसी भाग का उपयोग किए जाने के बावजूद जब तक प्रभारी इंजीनियर द्वारा अंतिम प्रमण-पत्र प्रदान न कर दिया जाए संविदाकार को इस संविदा के तहत अपने दायित्वों को पूर्णत: पूरा करने वाला नहीं माना जाएगा।

96 कार्य पूरा करने का प्रमाण-पत्र तथा कार्य पूरा करने के साक्ष्य के आधार पर भुगतान :

96.1 अंतिम प्रमाण-पत्र को छोड़कर नियोक्ता द्वारा संविदा के अथवा उसके किसी भाग के यथा-उपयुक्त निष्पादन को स्वीकार करने के लिए अथवा संविदाकार द्वारा किसी दावे की उपयुक्तता अथवा वैधता को स्वीकार करने के लिए किसी अन्य प्रमाण-पत्र अथवा किसी प्रमाण-पत्र के आधार पर भुगतान अथवा किसी सामान्य खाते के आधार पर भुगतान को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

97 संविदा मूल्य से कटौती करना :

97.1 इस संविदा के प्रावधानों के तहत सभी लागत, क्षति अथवा व्यय जो नियोक्ता अदा कर सकता है अथवा वहन कर सकता है, संबंधित संविदाकार नियोक्ता द्वारा दावा की गई राशि का भुगतान करेगा/भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है। इस प्रकार के सभी दावे जब देय हो नियमित रूप से नियोक्ता द्वारा इनके संबंध में बिल संविदाकार को भेजे जाएंगे। संविदाकार इस प्रकार के दावों का भुगतान संबंधित बिल प्राप्त होने के 15 (पन्द्रह) दिन के भीतर करेगा और यदि संविदाकार ने इस अवधि में ऐसा नहीं किया तो नियोक्ता इस राशि को संविदाकार को देय किसी धनराशि अर्थात् संविदा निष्पादन प्रतिभूति अथवा संविदा के तहत संविदाकार को देय राशि में से प्राप्त कर सकता है अथवा यदि संविदाकार इस प्रकार के दावों का भुगतान नियोक्ता को करने में असफल रहता है तो किसी कानूनी अथवा अन्यथा कार्रवाई से वसूल कर सकता है।

खण्ड-VII कर और बीमा

98 कर, सीमा शुल्क, चुंगी इत्यादि :

98.1 संविदाकार एतद्वारा स्वयं द्वारा रोजगार पर रखे गए व्यक्तियों को प्रदान किए वेतन, मजदूरी अथवा प्रतिपूर्ति के संबंध में अथवा इसके तहत कवर के संबंध में किसी केन्द्र अथवा राज्य सरकार के प्राधिकारियों द्वारा अब अथवा इसके बाद बेरोजगारी प्रतिपूर्ति, बीमा तथा वृद्धावस्था पेंशन अथवा एन्यूटी के लिए लगाए जाने वाले सभी प्रकार के अंशदान तथा कर और कार्यों तथा सामग्री के संबंध में समय-समय पर की गई वृद्धि, लगाए अथवा संशोधित किए गए सभी बिक्री कर, सीमा शुल्क, चुंगी इत्यादि तथा इस समय लागू, अब अथवा इसके बाद उत्पाद शुल्क, चुंगी इत्यादि सहित किसी और सभी प्रकार के कर, सीमा शुल्क के भुगतान करने के उत्तरदायित्व को पूर्णत: स्वीकार करने पर सहमति व्यक्त

करता है तथा स्वीकार करता है और संविदाकार यथा-लागू सभी केन्द्रीय, राज्य, नगर-निगम और स्थानीय कानून तथा विनियम और किसी केन्द्रीय, राज्य अथवा स्थानीय सरकारी अभिकरण अथवा प्राधिकरण की अपेक्षाओं सहित सभी उप-संविदाओं का अनुपालन करने के लिए उत्तरदायी होगा। इसके अतिरिक्त संविदाकार इस बात पर भी सहमत है कि वह इस संविदा द्वारा किसी तृतीय पक्षकार अथवा केन्द्रीय अथवा राज्य सरकार के प्राधिकरण अथवा इनके किसी प्रशासनिक उप-मण्डल द्वारा प्रदान किए गए किसी कार्य को करने से अथवा उसके कारण से नियोक्ता के विरूद्ध संविदाकार अथवा उप-संविदाकार द्वारा इस प्रकार के कानूनों के किसी उल्लंघन के कारण दायर किए जाने वाले वाद अथवा कार्यवाही के अनुसार केन्द्रीय, राज्य अथवा स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा लगाई जाने वाली किसी शास्ति अथवा देनदारी से नियोक्ता को बचाएगा, क्षतिपूर्ति करेगा तथा सुरक्षित रखेगा।

कर-कटौती समय-समय पर प्रचलित अधिनियमों के अनुसार यथा-लागू नियमों और विनियमों के अनुरूप की जाएगी।

99 बिक्री कर/टर्नओवर कर : 99.1

निविदादाता को संविदा के निष्पादन में स्वयं द्वारा उपयोग किए जाने के लिए खरीदे गए घटकों के संबंध में अथवा समग्र रूप से संविदा के कार्यों के संबंध में बिक्री कर/टर्नओवर कर की देयता सहित सभी प्रकार की कीमत को शामिल करके इनका उल्लेख करना चाहिए। नियोक्ता इस संविदा के संबंध में निविदादाता की इस प्रकार की किसी देयता के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

100 सांविधिक अंतर : 100.1

संविदाकार को तैयार किए गए उत्पाद पर यथा-लागू उत्पाद कर और बिक्री कर सहित सभी प्रकार की कीमत का उल्लेख करना चाहिए। इस संविदा की अवधि के दौरान तैयार किए गए उत्पाद पर उत्पाद शुल्क और बिक्री कर नियोक्ता की जिम्मेदारी होगी जिसके लिए संविदाकार गेल को अपने दावों के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करेगा। तथापि, इस संविदा की अवधि के बाद इन करों और शुल्कों (ई.डी. और एस.टी.) की दर में की जाने वाली कोई वृद्धि संविदाकार की जिम्मेदारी होगी और इनमें की जाने वाली कोई कमी गेल को भेजी जाएगी।

101 बीमा : 101.1 <u>सामान्य</u>

संविदाकार निम्नलिखित प्रकार से नियोक्ता को संतुष्ट करने के लिए किसी विख्यात बीमा कम्पनी से बीमा कवर प्राप्त करने की व्यवस्था अपने व्यय पर करेगा और उसे बनाए रखेगा :

संविदाकार इस संविदा में यथा-उल्लिखित सभी प्रकार जोखिम के विरूद्ध नियोक्ता के हित के लिए और जारी कार्यों की सुरक्षा के लिए इनकी सभी प्रकार की राशि के पूर्ण मूल्य के लिए अपने व्यय पर यथा-आवश्यक बीमा कवर की व्यवस्था करेगा, उसे प्राप्त करेगा तथा बनाए रखेगा। प्रत्येक मामले में उसके संबंधित कार्यों सहित इस संविदा में यथा-परिभाषित इस प्रकार के बीमे का स्वरूप तथा सीमा नियोक्ता को स्वीकार होनी चाहिए। तथापि कार्य को

स्वीकार करने पर ध्यान दिए बिना इस संविदा की अवधि के दौरान सभी समय पर्याप्त बीमा कवरेज को बनाए रखने का उत्तरदायित्व केवल संविदाकार का होगा। इस संबंध में संविदाकार के असफल रहने पर उसे इस संविदा के तहत उसके किसी दायित्व और उत्तरदायित्व से मुक्त नहीं किया जाएगा।

नियोक्ता द्वारा कार्य को स्वीकार किए जाने के समय तक समुद्री परिवहन, बंदरगाह/सीमा-शुल्क मंजूरी, जमीन और बंदरगाह पर संभालने, जमीन के रास्ते परिवहन, स्टोर करने, स्थापित करने तथा शुरू करने के दौरान किसी उपस्कर के संबंध में होने वाली हानि अथवा क्षति संविदाकार की जिम्मेदारी होगी। संविदाकार संबंधित कार्य के भाग के संबंध में हुई हानि अथवा क्षति की मरम्मत करके और/अथवा उसको बदलकर उस क्षति अथवा हानि के लिए उसे ठीक करने के संबंध में किए गए सभी दावों के लिए उत्तरदायी होगा। संविदाकार इस संविदा के अनुसरण में स्वयं द्वारा कराई गई बीमा पालिसी तथा दस्तावेज की प्रति नियोक्ता को प्रदान करेगा। संविदाकार इस प्रकार की बीमा कवरेज प्राप्त करने पर तत्काल इनकी प्रतियां नियोक्ता को प्रस्तुत करेगा। संविदाकार इस प्रकार के दस्तावेजों की अवधि समाप्त होने/रद्द किए जाने और/अथवा इनमें कोई परिवर्तन किए जाने के बारे में कम से कम 60 (साठ) दिन पहले नियोक्ता को सूचित करेगा और यथा-समय यथा-आवश्यक इन्हें वैध कराने/नवीकरण इत्यादि को सुनिश्चित करेगा।

मार्ग में और/अथवा स्थापना किए जाने के दौरान खो गए किसी उपस्कर को बदलने के उद्देश्य से अपेक्षित किसी विदेशी आपूर्ति के संबंध में यदि कोई हो, सांविधिक मंजूरी नियोक्ता द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। तथापि, संविदाकार इस प्रकार के किसी आयात के बारे में अपेक्षित लाइसेंस, बंदरगाह मंजूरी प्राप्त करने और अन्य औपचारिकताओं को पूरी करने के लिए उत्तरदायी होगा। बीमा के तहत कवर किए जाने वाले जोखिम में संभालने, मार्ग में हानि अथवा क्षति, चोरी, उठाईगिरी, दंगा, नागरिक हुल्लड, मौसम संबंधी दशाएं, सभी प्रकार की दुर्घटना, आग लगने की घटना, युद्ध जोखिम (केवल समुद्री परिवहन के दौरान) इत्यादि शामिल होंगे किंतु यह इन तक ही सीमित नहीं होगा। इस प्रकार के बीमा के क्षेत्राधिकार में समय-समय पर आयात किए जाने वाले उपस्कर, संयंद्ध और सामग्री की आपूर्ति के समग्र मूल्य को कवर किया जाएगा।

इस संविदा के तहत शामिल की गई बीमा देयता से संबंधित सभी लागत संविदाकार की जिम्मेदारी होगी और इन्हें संविदा के मूल्य में शामिल किया जाएगा। तथापि, नियोक्ता इस संविदा की अवधि के दौरान समय-समय पर संविदाकार से लिखित में बीमा कवरेज जोखिम को सीमित करने के लिए कह सकता है और इस प्रकार की स्थिति में इस संविदा के पक्षकार आपसी सहमति से इस प्रकार कम की गई प्रीमियम राशि की सीमा तक संविदा के मूल्य को कम करने पर सहमत होंगे।

जहां तक संभव हो, संविदाकार समुद्र/परिवहन के दौरान समुद्री बीमा सहित किसी भारतीय बीमा कम्पनी से ही बीमा करार प्राप्त करेगा।

i) <u>कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम :</u>

संविदाकार इस संबंध में राज्य कर्मचारी बीमा अधिनियम, 1948 द्वारा निर्धारित किए गए सभी दायित्वों का अनुपालन

करने पर सहमत है और एतद्वारा पूर्णत: और अनन्य रूप से इसे स्वीकार करता है तथा संविदाकार इस पर भी सहमत है कि वह संविदाकार अथवा उप-संविदाकार द्वारा राज्य कर्मचारी बीमा निगम, 1948 का कोई उल्लंघन किए जाने के कारण केन्द्रीय, राज्य अथवा स्थानीय प्राधिकरण द्वारा लगाई जाने वाली किसी देयता अथवा शास्ति से नियोक्ता को सुरक्षित रखने के लिए उनका बचाव करेगा, क्षतिपूर्ति करेगा तथा उसे इस संविदाकार द्वारा, तृतीय पक्षकार द्वारा,

अथवा केन्द्रीय अथवा राज्य सरकार प्राधिकरण द्वारा अथवा इनके किसी राजनीतिक उप-मण्डल द्वारा प्रदान किए गए कार्य के कारण अथवा उसे करने से उसके विरूद्ध चलाए जाने वाले सभी दावों, वाद अथवा कार्यवाही से भी सुरक्षित रखेगा।

संविदाकार अपने अथवा उप-संविदाकार के ऐसे कर्मचारियों जिन्हें इस कार्य के लिए तैनात किया गया है अथवा जो इस करार के तहत समय-समय पर कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के तहत कवर किए गए हैं, के संबंध में सभी यथा-अपेक्षित फार्म सहित कर्मचारी राज्य बीमा निगम के घोषणा फार्म को भरने पर सहमत है। संविदाकार कर्मचारी राज्य बीमा निगम की प्रथम अनुसूची के अनुसार वेतन से कर्मचारियों के अंशदान को काटने के लिए इस राशि को काटने तथा प्राप्त करने के लिए उप-संविदाकार के साथ करार करेगा तथा वेतन भुगतान अवधि पर कर्मचारी के अंशदान कार्ड को चिपकाएगा। संविदाकार इस अधिनियम में यथा-अपेक्षित कर्मचारी के अंशदान को भारतीय स्टेट बैंक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम खाते में भेजने के लिए उप-संविदाकार के साथ इसे भेजने तथा प्राप्त करने के बारे में करार करेगा। संविदाकार संबंधित कर्मचारियों के संबंध में इस अधिनियम में यथा-अपेक्षित सभी कार्ड तथा रिकार्ड को सुरक्षित रखने पर सहमत है और संविदाकार इस प्रकार के रिकार्ड को रखने के लिए उप-संविदाकार के साथ करार करेगा। अंशदान के लिए, अंशदान करने अथवा रिकार्ड को सुरक्षित रखने से संबंधित व्यय को वहन करने की जिम्मेदारी संविदाकार अथवा उप-संविदाकार की होगी।

नियोक्ता संबंधित संविदाकार द्वारा इस प्रकार का संतोषजनक साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने तक कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 द्वारा यथा-अपेक्षित सभी अंशदान का भुगतान कर दिया गया है संविदा के कुल मूल्य से यथा-आवश्यक राशि अपने पास रखेगा। यह राशि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम कार्य-स्थल पर लागू रहने तक संविदाकार पर लंबित रहेगी।

ii) <u>कामगार प्रतिपूर्ति और कर्मचारी देयता बीमा :</u>

इस संविदा को निष्पादित करने के लिए तैनात किए गए संविदाकार के सभी कर्मचारियों का बीमा कराया जाएगा। यदि कोई शिकमी दिया गया है तो संविदाकार संबंधित उप-संविदाकार से यह अपेक्षा करेगा कि वह कामगार और बाद के कर्मचारियों यदि ऐसे कर्मचारी संविदाकार के बीमे के तहत कवर नहीं किए गए हैं तो की प्रतिपूर्ति करे।

iii) <u>कामगार की दुर्घटना होने अथवा चोट लगने की स्थिति :</u>

नियोक्ता संबंधित संविदाकार अथवा किसी उप-संविदाकार के रोजगार पर कार्य करने वाले किसी कामगार अथवा किसी

अन्य व्यक्ति की दुर्घटना होने अथवा उसे चोटिल होने के संबंध में अथवा के परिणामस्वरूप कानून के अनुसार देय होने वाली किसी क्षतिपूर्ति अथवा प्रतिपूर्ति के संबंध में अथवा के लिए, नियोक्ता, उसके अभिकर्त्ता अथवा सेवकों के किसी कार्य अथवा दोष के परिणामस्वरूप होने वाली दुर्घटना अथवा चोट को छोड़कर उत्तरदायी नहीं होगा और संविदाकार इस प्रकार की सभी क्षति और प्रतिपूर्ति (उपर्युक्त को छोड़कर और अतिरिक्त) तथा इनके संबंध में अथवा इनके बारे में सभी प्रकार के दावों, मांग, कार्यवाही, लागत, प्रभार और व्यय से नियोक्ता का बचाव करेगा तथा उसे सुरक्षित रखेगा।

iv) <u>मार्ग के दौरान बीमा</u>

संविदाकार द्वारा कार्य-स्थल पर भेजी जाने वाली सभी मदों के संबंध में मार्ग के दौरान बीमे की लागत संविदाकार द्वारा वहन की जानी चाहिए और इस संबंध में उद्धृत कीमत में यह लागत भी शामिल होगी।

v) <u>विस्तृत ऑटोमोबाइल बीमा</u>

यह बीमा इस प्रकार किया जाएगा कि संविदाकार को नियोक्ता के व्यक्तियों सहित आम जनता के संबंध में चोट, विकलांगता, बीमारी और मृत्यु से संबंधित सभी दावों के और अन्य व्यक्तियों की सम्पत्ति को कार्य-स्थल पर अथवा कार्य-स्थल के बाहर मोटर वाहन का उपयोग करने से, इस बात पर ध्यान दिए बिना कि उस वाहन का नियोक्ता कौन है, उत्पन्न होने वाली किसी क्षति के विरूद्ध सुरक्षित रखा जा सके।

vi) <u>विस्तृत सामान्य देयता बीमा</u>

क) इस बीमे से संविदाकार को स्वयं उसकी, उसके अभिकर्त्ता, उसके कर्मचारी, उसके प्रतिनिधि और उप-संविदाकार के इसी प्रकार के व्यक्तियों की ओर से किसी कार्य अथवा चूक से अथवा दंगा, हड़ताल और नागरिक हुल्लड़ से आम जनता को लगने वाली चोट, विकलांगता, बीमारी अथवा मृत्यु अथवा अन्य व्यक्तियों की सम्पत्ति को होने वाली क्षति से सुरक्षित रखा जाएगा।

ख) संविदाकार अपने इंजीनियर और अन्य पर्यवेक्षण स्टाफ जिन्हें कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत कवर नहीं किया गया है, को लगने वाली चोट, क्षति अथवा किसी अन्य प्रकार के जोखिम से बचाने के लिए यथा-उपयुक्त समूह वैयक्तिक दुर्घटना बीमा कवर लेगा।

ग) इस पॉलिसी में तृतीय पक्षकार देयता को शामिल किया जाएगा। इस प्रकार की तृतीय पक्षकार (देयता में मानव जीवन को होने वाली हानि/विकलांगता (ऐसा व्यकित संविदाकार से संबंधित नहीं होना चाहिए) शामिल होगी और इसमें कार्य-स्थल पर निर्माण, स्थापना तथा कार्य शुरू करने के दौरान अन्य सामग्री/उपस्कर/सम्पत्ति को होने वाली क्षति का जोखिम भी शामिल होगा। मानव जीवन की हानि अथवा आंशिक/पूर्णत: विकलांगता की क्षतिपूर्ति की तृतीय पक्षकार देयता का मूल्य यथा-अपेक्षित सांविधिक मूल्य होगा किंतु यह प्रति मृत्यु 2 लाख रुपए, प्रति पूर्णत: विकलांगता 1.5 लाख रुपए और प्रति आंशिक विकलांगता 1.00 लाख रुपए से कम नहीं होगा और इसके बावजूद इसमें भारत के न्यायालय द्वारा कानून के अनुसार यथा-उल्लिखित प्रतिपूर्ति और क्रेता द्वारा यथा-अनुमोदित अन्य उपस्कर/सम्पत्ति को होने वाली क्षति की प्रतिपूर्ति शामिल होगी। तथापि मृत्यु के मामले में तृतीय पक्षकार जोखिम अधिकतम 10 (दस) लाख रुपए होगा।

घ) संविदाकार कार्य-स्थल पर कार्य को निष्पादित करने के लिए अपने संयंत्र, उपस्कर और मशीनरी, स्थापना यंत्र तथा संबंधित उपकरण एवं अन्य सभी अस्थाई सामान के संबंध में होने वाली क्षति, हानि, दुर्घटना, जोखिम इत्यादि को कवर करने के लिए उपयुक्त बीमा व्यवस्था करेगा।

ड.) संविदाकार परियोजना स्थल पर किसी एक अथवा अधिक राष्ट्रीय बीमा कम्पनी की शाखा से नियोक्ता और संविदाकार के संयुक्त नाम से बीमा पॉलिसी लेगा।

च) न्यूनतम पॉलिसी और कवरेज के रूप में एतद्वारा निर्धारित की गई इस प्रकार की बीमा अपेक्षाएं जिन्हें संविदाकार को सुरक्षित तथा लागू स्थिति में रखना चाहिए तथा इनका अनुपालन किया जाना चाहिए, संविदाकार सदैव, स्वयं अपने व्यय पर अतिरिक्त अथवा वृद्धि मूलक कवरेज को प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

vii) <u>कानून अथवा विनियम के तहत अथवा नियोक्ता द्वारा अपेक्षित अन्य बीमा कवर :</u>

संविदाकार किसी और सभी प्रकार के ऐसे अन्य बीमा (बीमे) की भी व्यवस्था करेगा जो किसी कानून अथवा विनियम के तहत समय-समय पर अपेक्षित हों और नियोक्ता पर अतिरिक्त लागत नहीं डालेगा। इसके साथ-साथ वह नियोक्ता द्वारा यथा-अपेक्षित किसी अन्य बीमा कवर को भी लेगा और बनाए रखेगा।

102 किसी सम्पत्ति अथवा किसी व्यक्ति अथवा किसी तृतीय पक्षकार को होने वाली क्षति :

102.1 i) संविदाकार संबंधित नियोक्ता के सभी कार्य परिसरों के भीतर नियोक्ता अथवा अन्य अभिकरणों द्वारा प्राप्त की गई अथवा प्राप्त की जा रही अथवा निष्पादित की जा रही नियोक्ता से संबंधित संरचना और सम्पत्ति को होने वाली किसी हानि अथवा किसी क्षति, यदि इस प्रकार की हानि अथवा क्षति संविदाकार, उसके कर्मचारी, अभिकर्त्ता, प्रतिनिधि अथवा उप-संविदाकार के किसी दोष और/अथवा असावधानी अथवा जानबूझकर किए गए कार्य अथवा चूक की वजह से हुई है, को नियोक्ता की संतुष्टि तक बेहतर बनाने के लिए उत्तरदायी होगा।

ii) संविदाकार अपने संयंत्र, उपस्कर और सामग्री को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने में पर्याप्त सावधानी बरतेगा ताकि उससे ओवरहैड तथा भूमिगत केबल सहित नियोक्ता, अथवा किसी तृतीय पक्षकार की सम्पत्ति अथवा किसी व्यक्ति को कोई क्षति न पहुंचे और उपर्युक्त संयंत्र, उपस्कर अथवा सामग्री को ले जाने के दौरान नियोक्ता अथवा किसी तृतीय पक्षकार की सम्पत्ति को इसके परिणामस्वरूप कोई क्षति होने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा यथा-अनुमानित अथवा सुनिश्चित अथवा तृतीय पक्षकार द्वारा मांगी गई किसी संयंत्र अथवा स्थापना के प्रचालन अथवा सेवा, उत्पादन में होने वाली हानि सहित इस

प्रकार की क्षति की लागत संविदाकार द्वारा वहन की जाएगी। तृतीय पक्षकार देयता जोखिम एकल दुर्घटना के लिए एक लाख रुपए और दस लाख रुपए तक सीमित होगा।

iii) संविदाकार इस करार के तहत अथवा इसके कारण से नियोक्ता की सम्पत्ति से भिन्न किसी अन्य सम्पत्ति की होने वाली क्षति के दावों, यदि ऐसे दावे संविदाकार, उसके कर्मचारियों, अभिकर्त्ता, उप-संविदाकार के

प्रतिनिधि, के किसी दोष और/अथवा असावधानी अथवा जानबूझकर किए गए कार्य अथवा चूक के परिणामस्वरूप किए गए हैं, से नियोक्ता को सुरक्षित रखेगा और इनकी प्रतिपूर्ति करेगा।

खण्ड-VIII श्रम कानून

103 श्रम कानून :

103.1 i) इस कार्य पर 18 (अठारह) वर्ष से कम आयु के श्रमिक को नहीं रखा जाएगा।

ii) संविदाकार को स्वयं द्वारा कार्य पर रखे गए श्रमिकों को कानून के तहत न्यूनतम वेतन प्रदान करना होगा।

iii) संविदाकार स्वयं अपने व्यय से सभी श्रम कानूनों का अनुपालन करेगा और नियोक्ता को इनके संबंध में सुरक्षित रखेगा।

iv) संविदाकार यथा-लागू श्रम कानूनों के अनुसार महिला और पुरूष को समान वेतन का भुगतान करेगा।

v) यदि संविदाकार संविदा श्रम (विनियमन और उन्मूलन) अधिनियम के तहत कवर किया गया है तो वह संविदा के तहत कार्य शुरू करने से पहले अनिवार्य निर्धारित शुल्क तथा जमा राशि का भुगतान करके लाइसेंसिंग प्राधिकारी (अर्थात श्रम आयुक्त के कार्यालय) से लाइसेंस प्राप्त करेगा। इस प्रकार का शुल्क/जमा की जाने वाली राशि संविदाकार द्वारा वहन की जाएगी।

vi) संविदाकार इस संविदा में यथा-विनिर्दिष्ट सीमा और प्रभारी इंजीनियरी की संतुष्टि तक कामगार क्षमता सुनिश्चित करने के लिए यथा-अपेक्षित प्रगति दर तथा गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रत्यक्ष रूप से अथवा उप-संविदाकार के माध्यम से पर्याप्त संख्या में श्रमिकों को कार्य पर रखेगा।

vii) संविदाकार संबंधित कार्यों की व्यवस्था करने के लिए कार्य पर रखे गए व्यक्तियों की संख्या का वितरण विवरण तथा ब्यौरा प्रभारी इंजीनियर को प्रस्तुत करेगा। संविदाकार पूर्ववर्ती माह के द्वितीय पखवाड़े और वर्तमान माह के प्रथम पखवाड़े के संबंध में वास्तविक विवरण दर्शाते हुए प्रभारी इंजीनियर को प्रत्येक माह की 4 और 19 तारीख को यह ब्यौरा प्रस्तुत करेगा – (1) ऐसी दुर्घटना जो उक्त पखवाड़े के दौरान घटित हुई है, की उन परिस्थितियों को दर्शाते हुए जिनके तहत वे हुई हैं और उनसे होने वाली क्षति तथा अन्य हानि और (2) ऐसी महिला कामगारों की संख्या जिन्हें मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के तहत तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के तहत मातृत्व लाभ प्रदान किया गया है और उनको भुगतान की गई राशि।

viii) संविदाकार वेतन भुगतान अधिनियम, 1936 कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952, न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948, कर्मचारी देयता अधिनियम, 1938, कामगार प्रतिपूर्ति अधिनियम, 1923, औद्योगिक विवाद

अधिनियम, 1947, मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 और संविदा विनियम तथा उन्मूलन अधिनियम, 1970, बाल रोजगार अधिनियम, 1938 अथवा इनकी किसी अधिसूचना अथवा इनसे संबंधित किसी अन्य कानून और समय-समय पर इनके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का अनुपालन करेगा।

ix) प्रभारी इंजीनियर को संविदा श्रमिक (विनियमन और उन्मूलन) अधिनियम, 1970 में यथा-परिभाषित किसी निरीक्षण अधिकारी द्वारा सूचित किए जाने पर कामगारों के काम के लिए संविदा की शर्तों को पूरी न करने, वेतन अथवा उसकी ओर से की गई कटौती अथवा उनके ऐसे वेतन जो संविदा की शर्तों के अनुसार काटना औचित्यपूर्ण नहीं है, का भुगतान न करने अथवा उक्त विनियमों का अनुपालन न करने के कारण से किसी कामगार अथवा कामगारों को हुई हानि को पूरी करने के लिए अपेक्षित अथवा अनुमानित अपेक्षित राशि को संविदाकार को देय राशि में से काटने की शक्ति प्राप्त होगी।

x) संविदाकार संबंधित नियोक्ता को अपने उप-संविदाकार की ओर से उसके क्षतिपूर्ति प्राप्त करने के अधिकार को प्रभावित किए बिना उपर्युक्त अधिनियमों के प्रावधानों का अनुपालन करने के तहत अथवा करने के लिए किए जाने वाले किसी भुगतान से नियोक्ता को सुरक्षित रखेगा। संविदाकार के समय-समय पर यथा-संशोधित उपर्युक्त अधिनियमों के किसी प्रावधान का उल्लंघन करके अथवा कोई दोष करके उपर्युक्त अधिनियमों के प्रावधानों के तहत ऐसी कोई सूचना प्रदान करने अथवा प्रस्तुत करने अथवा फार्म/रजिस्टर/स्लिप भरने जो काफी गलत है, की स्थिति में निरीक्षक अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर संविदाकार उस नियोक्ता को भुगतान की जाने वाली किसी अन्य देयता को प्रभावित किए बिना नियोक्ता को इस प्रकार के प्रत्येक दोष, उल्लंघन, अथवा काफी गलत विवरण प्रस्तुत करने, देने, भेजने, भरने के संबंध में परिनिर्धारित नुकसानी के रूप में अधिकतम 50.00 रू. की राशि जो प्रभारी इंजीनियर द्वारा निर्धारित की जा सकती है, का भुगतान करेगा और इस संबंध में संविदाकार द्वारा बार-बार दोष किए जाने पर यह परिनिर्धारित नुकसानी इस निविदा में दिए गए कार्य की अनुमानित लागत के अधिकतम एक प्रतिशत की शर्त के अधीन प्रत्येक दिन के दोष के लिए 50.00 रुपए प्रतिदिन तक बढ़ाई जा सकती है। प्रभारी इंजीनियर इस प्रकार की राशि को संविदाकार के बिल, अथवा संविदा निष्पदन प्रतिभूति से काटेगा और इसे इन अधिनियमों के तहत तैयार की गई कल्याण निधि में जमा करेगा। इस संबंध में प्रभारी इंजीनियर का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

104 प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 का कार्यान्वयन : 104.1 संविदाकार प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 और समय-समय पर इसके अधीन बनाए गए नियमों तथा जारी किए गए आदेशों का अनुपालन करेगा। यदि वह ऐसा करने में असफल रहता है तो उसे उसकी ओर से संविदा का उल्लंघन करना माना जाएगा और प्रभारी इंजीनियर अपने विवेक से संविदा को रद्द कर सकता है। संविदाकार इस अधिनियम के किसी प्रावधान का उल्लंघन किए जाने के कारण उत्पन्न होने वाली किसी धन-संबंधी देयता के लिए भी उत्तरदायी होगा।

105 संविदाकार को नियोक्ता की क्षतिपूर्ति करनी होगी : 105.1 i) संविदाकार इस संविदा दस्तावेज के तहत संविदाकार द्वारा अपने दायित्वों का निर्वाह करने में किसी असफलता अथवा इस दस्तावेज के लिए अथवा संबंध में नियोक्ता के विरूद्ध की जाने वाली किसी और सभी कार्रवाई, कार्यवाही, दावों, मांग, लागत और व्यय तथा खण्ड 102.0 में यथा उल्लिखित मामलों के बारे में अथवा के संबंध में की जाने वाली सभी कार्रवाई, कार्यवाही, दावों, मांग, लागत और व्यय से नियोक्ता और उसके प्रत्येक सदस्य, कार्यालय और कर्मचारी तथा प्रभारी इंजीनियर और उसके स्टाफ को सुरक्षित रखेगा। इस संविदा दस्तावेज के तहत अपने दायित्वों का निर्वहन करने में संविदाकार की किसी असफलता के लिए अथवा के संबंध में अथवा उससे उत्पन्न होने वाली किसी स्थिति के लिए नियोक्ता जिम्मेदार नहीं होगा। किसी कामगार अथवा अन्य व्यक्ति की दुर्घटना होने अथवा चोट लगने के परिणामस्वरूप अथवा के संबंध में कानून द्वारा देय किसी मांग अथवा क्षतिपूर्ति के संबंध में अथवा के लिए नियोक्ता जिम्मेदार नहीं होगा। संविदाकार अथवा उसके उप-संविदाकार के रोजगार के संबंध में संविदाकार इसके लिए अथवा के संबंध में सभी प्रकार की क्षति और प्रतिपूर्ति से तथा सभी प्रकार के दावों, क्षति, कार्यवाही, लागत, प्रभार तथा व्यय से नियोक्ता को सुरक्षित रखेगा।

ii) <u>दावों और क्षति का भुगतान करना</u> :

यदि नियोक्ता को उपर्युक्त के संबंध में किसी दावे अथवा मांग के लिए किसी राशि का भुगतान करना है तो नियोक्ता द्वारा इस प्रकार भुगतान की गई राशि तथा वहन की गई लागत को संविदाकार से वसूल किया जाएगा तथा उसे इसका भुगतान करना होगा और संविदाकार को इस प्रकार का भुगतान करने के नियोक्ता के अधिकार के बारे में इसके बावजूद विवाद पैदा करने अथवा आपत्ति करने की स्वतंत्रता नहीं होगी कि यह भुगतान सहमति अथवा प्राधिकार के बिना अथवा कानूनी प्रावधान के बिना अथवा अन्यथा प्रतिकूल किया गया है।

iii) ऐसे प्रत्येक मामले जिसमें कामगार प्रतिपूर्ति अधिनियम, 1923 की धारा 12, उप-धारा (i) के प्रावधानों अथवा कामगार प्रतिपूर्ति अधिनियम के अन्य लागू प्रावधान अथवा किसी अन्य अधिनियम से नियोक्ता किसी कार्य को निष्पादित करने में संविदाकार द्वारा काम पर रखे गए कामगार को क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए बाध्य है तो नियोक्ता इस प्रकार अदा की गई प्रतिपूर्ति की राशि को संविदाकार से उक्त अधिनियम की धारा 12, उप-धारा (2) के तहत नियोक्ता के अधिकारों को प्रभावित किए बिना वसूल करेगा, नियोक्ता को इस प्रकार की राशि अथ्वा इसके किसी भाग को संविदाकार से संविदा निष्पादन प्रतिभूति अथवा इस संविदा के तहत अथवा अन्यथा संविदाकार को देय किसी राशि से वसूल करने की स्वतंत्रता होगी। संविदाकार उक्त अधिनियम की धारा 12,

उप-धारा (i) के तहत किए गए किसी दावे को पूरा करने के लिए, संविदाकार की ओर से लिखित अनुरोध किए जाने और उसकी ओर से नियोक्ता को इस प्रकार की सभी लागत के बारे में पूरी सुरक्षा प्रदान किए जाने पर जो इस प्रकार के दावे पर विवाद करने से देय हो सकती है, को छोड़कर बाध्य नहीं होगा।

106 कामगारों के लिए स्वास्थ्य और साफ-सफाई व्यवस्था :

106.1 इस करार के संविदाकार के भाग के निष्पादन के लिए कार्य पर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से रखे गए सभी श्रमिकों के संबंध में संविदाकार इस प्रकार के सभी कामगारों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने तथा साफ-सफाई की व्यवस्था करने के लिए स्थानीय साफ-सफाई और अन्य प्राधिकारियों अथवा नियोक्ता द्वारा यथा-निर्धारित सभी नियमों तथा विनियमों का अनुपालन करेगा अथवा कराएगा।

106.2 संविदाकार इन श्रमिकों की कालोनी में बिजली, पानी और अन्य साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं तथा स्वास्थ्य व्यवस्था का प्रबंध करेगा। संविदाकार इस प्रकार की श्रमिक कालोनी में रहने वाले अपने कार्मिकों के लिए कार्य-स्थल तक जाने और कालोनी में वापस आने के लिए यथा-आवश्यक भूतल परिवहन की भी व्यवस्था करेगा।

खण्ड-IX लागू कानून और विवाद निपटान

107 विवाचन :

107.1 जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया जाए, ऐसे मामले जिनमें प्रभारी इंजीनियर का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी माना गया है जैसा कि इस करार में प्रावधान किया गया है और ऐसे मुद्दे/विवाद जिन्हें किसी प्रासंगिक समय अवधि के भीतर सुलझाया नहीं जा सकता, इस तरह के सभी विवाद एकल विवाचक को विवाचन के लिए भेजे जाएंगे।

नियोक्ता [गेल (इंडिया) लि0] तीन स्वतंत्र और विख्यात व्यक्तियों के पैनल का सुझाव बोलीदाता/संविदाकार/आपूर्तिकर्त्ता/क्रेता (जैसा भी मामला हो) को देगा ताकि वे एकल विवाचक के रूप में कार्य करने के लिए इनमें से किसी एक का चयन कर सकें।

विवाचक पैनल का सुझाव देने की सूचना प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर एकल विवाचक का चयन करने में अन्य पक्षकार के असफल रहने की स्थिति में अन्य पक्षकार द्वारा एकल विवाचक का चयन करने का अधिकार समाप्त कर दिया जाएगा और नियोक्ता (गेल) अपने विवेक से एकल विवाचक की नियुक्ति करने की दिशा में आगे बढ़ेगी। एकल विवाचक की नियुक्ति के संबंध में नियोक्ता का निर्णय अंतिम होगा और पक्षकारों पर बाध्यकारी होगा।

इस संबंध में एकल विवाचक का निर्णय अंतिम और सभी पक्षकार पर बाध्यकारी होगा और जब तक विवाचक द्वारा अन्यथा निदेश/निर्णय न दिया जाए इस प्रकार की विवाचन कार्यवाही की लागत पक्षकारों द्वारा एक-समान रूप से साझा की जाएगी। विवाचन कार्यवाही अंग्रेजी भाषा में होगी और इसका स्थान नई दिल्ली, भारत होगा।

उपर्युक्त के अधीन (भारतीय) माध्यस्थम और सुलह अधिनियम 1996 के प्रावधान और इनके तहत बनाए गए नियम लागू होंगे। इस संविदा से संबंधित सभी मामले दिल्ली राज्य में स्थित न्यायालय के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

इस संबंध में बोलीदाता/आपूर्तिकर्ता/संविदाकार कृपया यह नोट करे कि माध्यस्थम और सुलह अधिनियम, 1996 को भारतीय संसद ने बनाया था और

यह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून (यूएनसीआईटीआरएएल मॉडल कानून) से संबंधित संयुक्त राष्ट्र आयोग पर आधारित है, जो विवाचन संस्थाओं और अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक विवाचन केन्द्रों के साथ गहन परामर्श करने के बाद तैयार किए गए थे। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिनांक 15 दिसम्बर, 1976 के 31/98 संकल्प के जरिए यूएनसीआईटीआरएएल विवाचन नियमों को स्वीकार किया था।

107.2 <u>सरकारी विभाग और अन्य तथा किसी सरकारी विभाग और सार्वजनिक उद्यम तथा किसी सार्वजनिक उद्यम और अन्य के मध्य उत्पन्न होने वाले विवादों का निपटान करने के लिए विवाचन इस प्रकार होगा :</u>

"पक्षकारों के मध्य इसके संबंध में कोई विवाद अथवा मतभेद उत्पन्न होने की स्थिति में इस प्रकार के विवाद और मतभेद का समाधान आपसी परामर्श से अथवा सरकार के अधिकार सम्पन्न अभिकरणों के यथा-उपयुक्त कार्यालयों द्वारा सौहार्दपूर्ण तरीके से किया जाएगा। यदि इस प्रकार का समाधान संभव न हो तो ऐसे अनसुलझे विवाद अथवा मतभेद को समय-समय पर यथा-संशोधित मंत्रिमंडल सचिवालय (मंत्रिमंडल कार्य विभाग) द्वारा दिनांक 19 दिसम्बर,1975 को जारी किए गए कार्यालय ज्ञापन सं.55/3/1/75-सीएफ के अनुसार सचिव, विधि कार्य विभाग ("विधि सचिव") द्वारा नामित किए जाने वाले विवाचक को विवाचन के लिए भेजा जाएगा। इस खण्ड के तहत विवाचन के संबंध में विवाचन अधिनियम, 1940 (1940 का 10) लागू नहींहोगा। विवाचक का निर्णय विवाद से संबंधित पक्षकारों पर बाध्यकारी होगा। तथापि, बशर्ते इस प्रकार के निर्णय से प्रभावित कोई पक्षकार विधि सचिव को इस निर्णय को अलग रखने अथवा संशोधित करने के लिए अनुरोध कर सकता है जिसका निर्णय पक्षकारों पर अंतिम रूप से बाध्यकारी तथा निर्णायक होगा।

108 क्षेत्राधिकार :

108.1 यह संविदा भारत में लागू कानून से अभिशासित और के अनुसार कार्यान्वित की जाएगी। संविदाकार सतदद्वारा इस संविदा से उत्पन्न होने वाले विवाद, कार्रवाई और कार्यवाही के उद्देश्यार्थ दिल्ली स्थित न्यायालयों के क्षेत्राधिकार को स्वीकार करता है, केवल दिल्ली के न्यायालयों को ही इस प्रकार के विवाद, कार्रवाई और कार्यवाही को सुनने तथा निर्णय देने का अधिकार प्राप्त होगा।

खण्ड-X सुरक्षा संहिता

109 सामान्य :

109.1 संविदाकार इस संबंध में सुरक्षित निर्माण प्रक्रियाविधि का अनुपालन करेगा और खतरनाक तथा असुरक्षित कार्य दशाओं से रक्षा करेगा और इसमें यथा-निर्धारित नियोक्ता सुरक्षा नियमों का अनुपालन करेगा। संविदाकार निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सूचनार्थ और मार्गदर्शन के लिए नियोक्ता "सुरक्षा संहिता" यदि यह तैयार कर ली गई है, की प्रतियां अग्रेषित करेगा।

110 सुरक्षा विनियम :

110.1 i) इस करार के संविदाकार के भाग के निष्पादन के लिए प्रत्यक्ष रूप से रखे गए सभी श्रमिकों के संबंध में संविदाकार स्वयं अपने व्यय

पर केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारतीय मानक संस्था, विद्युत अधिनियम, खान अधिनियम और इसी प्रकार के अन्य लागू अधिनियमों की सुरक्षा संहिताओं के अनुसार सभी सुरक्षा प्रावधानों की व्यवस्था करेगा।

ii) संविदाकार नियोक्ता के सभी अग्निशमन और सुरक्षा विनियमों को स्वीकार करेगा तथा इनका अनुपालन करेगा। संविदाकार निर्माण कार्य शुरू करने से पहले नियोक्ता के सुरक्षा इंजीनियर अथवा प्रभारी इंजीनियर से परामर्श करेगा और उसे इस करार के तहत किए गए अथवा किए जाने वाले कार्य के किसी भाग अथवा नियोक्ता की मौजूदा सम्पत्ति के किसी भाग को आग लगने से होने वाली किसी हानि अथवा क्षति से बचाने के लिए नियोक्ता को संतुष्ट करने वाली बेहतर व्यवस्था करनी चाहिए।

111 औद्योगिक दुर्घटना होने पर प्रथम उपचार सहायता :

111.1 i) संविदाकार अपने तथा उप-संविदाकार के कर्मचारियोंके लिए प्रथम उपचार सहायता की व्यवस्था करेगा।

ii) संविदाकार औद्योगिक दुर्घटना होने पर एम्बुलेंस सेवाओं तथा उपचार के लिए बाह्य व्यवस्था करेगा। इन सेवाओं को प्रदान करने वालों के नाम निर्माण कार्य शुरू करने से पहले नियोक्ता को अग्रेषित किए जाएंगे और उनके दूरभाष नम्बर संविदाकार के क्षेत्रीय कार्यालय पर अनिवार्य रूप से चस्पा किए जाएंगे।

112 सामान्य नियम :

ii) किसी गंभीर औद्योगिक दुर्घटना की स्थिति में तत्काल नियोक्ता को सूचित किया जाएगा और इस प्रकार वैयक्तिक चोट के बारे में संविदाकार की रिपोर्ट चिकित्सक की आवश्यकता की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए नियोक्ता को भेजी जाएगी।

113 संविदाकार बैरिकेड :

112.1 बैटरी क्षेत्र, टैंक फार्म अथवा डॉक सीमाओं के भीतर धूम्रपान करने पर सख्त रोक है। धूम्रपान न करने के नियमों का उल्लंघन करने पर तत्काल जुर्माना लगाया जाएगा।

113.1 i) संविदाकार निम्नलिखित की रक्षा और सुरक्षा करने के लिए यथा-अपेक्षित बैरिकेड लगाएगा तथा इन्हें बनाए रखेगा :-

क) उत्खनना
ख) भार उठाने वाले क्षेत्र।
ग) संविदाकार अथवा नियोक्ता के निरीक्षकों द्वारा उल्लिखित खतरनाक क्षेत्रों से जुड़े स्थान।
घ) संविदाकार के प्रचालन द्वारा क्षति होने की शर्तके अधीन नियोक्ता की मौजूदा सम्पत्ति।
ड.) रेल से सामान उतारने वाले स्थान।

114 स्काफोल्डिंग :

ii) संविदाकार और उसके उप-संविदाकार के कर्मचारीिनयोक्ता की बैरिकेडिंग व्यवस्था से अवगत होंगे तथा इसका अनुपालन करेंगे।

iii) सम्बद्ध बैरिकेड तथा खतरनाक क्षेत्र जो परिवहन के सामान्य मार्ग में अवस्थितहै, को रात्रि में लालटेन की लाल टिम-टिमाती रोशनी से दर्शाया जाएगा।

114.1 i) ऐसे अल्पावधिक कार्य जो सीढ़ी से सुरक्षित रूप से किया जा सकता है, को छोड़कर ऐसे सभी कार्यों जो जमीन से अथवा मजबूत निर्माण से सुरक्षित

रूप से नहीं किए जा सकते, को करने वाले कामगारों के लिए उपयुक्त सीढ़ी की व्यवस्था की जानी चाहिए। जब इस प्रकार की सीढ़ी का उपयोग किया जाए तो इसे पकड़ने के लिए एक अतिरिक्त मजदूर की व्यवस्था की जाए और यदि सीढ़ी का उपयोग किसी सामग्री को ले जाने के लिए किया जा रहा है तो सीढ़ी पर पैर रखने की तथा पकड़ने की उपयुक्त व्यवस्था की जानी चाहिए तथा इस पर 1 और 4 के हिसाब से पैर रखने की जगह (1 अनुप्रस्थ तथा 4 खड़े) की व्यवस्था की जानी चाहिए।

ii) जमीन अथवा फर्श से 4 मीटर से अधिक दूरी पर स्काफोल्डिंग अथवा स्टेज बनाने के लिए ओवरहैड सपोर्ट अथवा स्थिर सपोर्ट से स्थापित झूले से इस प्रकार की स्कफोल्डिंग अथवा स्टेज के फर्श अथवा प्लेटफार्म से कम से कम एक मीटर उपयुक्त रूप से सम्बद्ध, बोल्ट से तैयार, ब्रेस से तैयार और अन्यथा तैयार गार्ड रेल बनाई जाएगी और इसे बाहरी तथा किनारों की ओपनिंग के साथ पूरी लम्बाई के साथ-साथ ले जाया जाएगा जो सामग्री की प्रदायगी के लिए अनिवार्य हो। इस प्रकार की स्काफोल्डिंग तथा स्टेज को इस प्रकार कसा जाएगा कि इसे भवन अथवा संरचना से गिरने से बचाया जा सके।

iii) कार्य प्लेटफार्म, गैंगवे और सीढ़ियों का निर्माण इस प्रकार किया जाना चाहिए कि वे अनुचित और असमान रूप से झुकनी नहीं चाहिए और यदि गैंगवे अथवा सीढ़ियों के प्लेटफार्म की ऊंचाई जमीन अथवा फर्श के तल से 4 मीटर से अधिक है तो इन्हें प्रत्यक्ष रूप से बोर्ड किया जाना चाहिए, इनकी चौड़ाई यथा-उपयुक्त होनी चाहिए और उपर्युक्त ii) में यथा-उल्लिखित रूप से इन्हें कसा जाना चाहिए।

iv) किसी भवन के फर्श में अथवा कार्य प्लेटफार्म में उपयुक्त साधन से प्रत्येक ओपनिंग की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि रेलिंग की उपयुक्त व्यवस्था जिसकी न्यूनतम ऊंचाई 1 मीटर होगी, करके व्यक्तियों तथा सामग्री को गिरने से बचाया जा सके।

v) प्रत्येक कार्य-स्थल और प्लेटफार्म पर सुरक्षित-उपाय-पहुंच की व्यवस्था की जानी चाहिए और प्रत्येक सीढ़ी सुरक्षित रूप से सुदृढ़ की जाएगी। इधर-उधर ले जाने वाली सीढ़ी की लम्बाई 9 मीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए जबकि रंग सीढ़ी में साइड रेल के मध्य चौड़ाई संबंधित सीढ़ी के लिए 3 मीटर लम्बाई सहित किसी भी स्थिति में 30 से.मी. से कम नहीं होनी चाहिए। लम्बी सीढ़ी के लिए यह चौड़ाई इसकी प्रत्येक फीट लम्बाई के लिए 5 मि.मी. बढ़ाई जानी चाहिए। इसके साथ-साथ एक कदम का स्थान 30 से.मी. से अधिक नहीं होना चाहिए। बिजली के उपकरण के खतरे से बचने के लिए यथा-उपयुक्त सावधानी बरती जाएगी। किसी स्थल और कार्य-स्थल पर इस प्रकार कोई सामग्री एकत्र अथवा रखी नहीं जाएगी जिससे किसी व्यक्ति अथवा आम जनता को कोई खतरा अथवा असावधानी हो। संविदाकार कामगारों और स्टाफ को दुर्घटना से बचाने के लिए यथा-आवश्यक बाड़ तथा प्रकाश की

व्यवस्था करेगा तथा उपर्युक्त सावधानी न बरते जाने के कारण किसी व्यक्ति द्वारा स्वयं की दुर्घटना के संबंध में कानून के तहत चलाए जाने वाले प्रत्येक वाद, कार्रवाई अथवा अन्य कार्यवाही से बचाव के व्यय को वहन करेगा और इस प्रकार के किसी व्यक्ति को ऐसे वाद, अथवा कार्रवाई अथवा कार्यवाही में प्रदान की जाने वाली क्षतिपूर्ति तथा लागत अथवा ऐसी क्षतिपूर्ति अथवा लागत जो संविदाकार की सहमति से ऐसे व्यक्ति के किसी दावे के बारे में समझौता करने के लिए प्रदान की जानी हो, का भुगतान करेगा।

115 उत्खनन तथा खुदाई संबंधी कार्य :

115.1 इस संबंध में 1.2 मीटर अथवा इससे अधिक गहराई के सभी खांचे सदैव कम से कम 50 मीटर लम्बी सीढ़ी अथवा फ्रैक्शन से प्रदान किए जाने चाहिए।

इस प्रकार की सीढ़ी खाई की सतह से कम से कम जमीन की सतह के 1 मीटर ऊपर तक होनी चाहिए। इस प्रकार की खाई के किनारेजो 1.5 मीटर गहरे हैं, को उपयुक्त ढलान देने के लिए अथवा लकड़ी की पट्टी से बांधने के लिए स्टैप बैक किया जाएगा ताकि किनारों को ध्वस्त होने से बचाया जा सके। उत्खनन संबंधी सामग्री खाई के किनारे के 1.5 मीटर के भीतर अथवा खाई की चौड़ाई के आधे स्थान के भीतर इनमें से जो भी अधिक हो, नहीं रखी जाएगी। इसमें ऊपर से नीचे की ओर कटिंग की जाएगी। किसी भी परिस्थिति में अंडर माइनिंग अथवा अंडर कटिंग नहीं की जाएगी।

116 तोड़-फोड़/सामान्य सुरक्षा :

116.1 i) कोई तोड़-फोड़ संबंधी कार्य शुरू करने से पहले और इसे शुरू िकए जाने के दौरान निम्नलिखित सावधानी बरती जाएं :

क) कार्य-स्थल से सटे हुए सभी खुले क्षेत्र और सड़क बंद किए जाएंगे अथवा इनकी यथा-उपयुक्त सुरक्षा की जाएगी।

ख) कोई बिजली का तार अथवा उपकरण जिससे कोई खतरा उत्पन्न होने की संभावना है, बिजली से जुड़ा नहीं रखा जाएगा।

ग) रोजगार पर रखे गए व्यक्तियों को आग लगने, अथवा विस्फोट होने अथवा बाढ़ आने के जोखिम से बचाने के लिए सभी प्रकार के व्यावहारिक उपाय किए जाएंगे। कई फर्श, छत अथवा भवन का कोई अन्य भाग सामग्री अथवा कचरे से इस प्रकार नहीं भरा जाना चाहिए कि सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो जाए।

.

ii) प्रभारी इंजीनियर द्वारा उपयुक्त समझे जाने वाले सभी अनिवार्य वैयक्तिक सुरक्षा उपस्कर को कार्य-स्थल पर तैनात व्यक्तियों के उपयोग के लिए उपलब्ध रखे जाने चाहिए तथा इन्हें तत्काल उपयोग किए जाने की स्थिति में रखा जाना चाहिए और संविदाकार संबंधित व्यक्तियों द्वारा उपस्कर के यथा-उपयुक्त उपयोग के लिए पर्याप्त उपाय सुनिश्चित करेगा।

क) डामर सामग्री, सीमेंट और चूना मोर्टार का मिश्रण तैयार करने के कार्य पर रखे गए कामगारों को सुरक्षा फुटवियर और सुरक्षा दस्ताने प्रदान किए जाने चाहिए।

ख) वाइट वाश करने और इसका घोल तैयार करने अथवा एकत्र करने अथवा सीमेंट की बोरी को ढोने, जो आंखों के लिए हानिकारक हैं तथा ऐसी सामग्री से संबंधित कार्य करने वाले व्यक्तियों को सुरक्षा चश्में प्रदान किए जाने चाहिए।

ग) वेल्डिंग और कटिंग से संबंधित कार्य करने वाले व्यक्तियों

को सुरक्षित चेहरा और आंख शील्ड, दस्ताने इत्यादि प्रदान किए जाने चाहिए।

घ) पत्थर तोड़ने का कार्य करने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित चश्में और सुरक्षा वस्त्र प्रदान किए जाने चाहिए तथा उन्हें पर्याप्त सुरक्षित अंतराल पर बैठना चाहिए।

ड.) जब कामगार को उपयोग किए जा रहे सीवर और मैनहोल के कार्य पर लगाया जाए तो संविदाकार यह सुनिश्चित करेगा कि इस प्रकार के मैनहोल में कामगार को जाने की अनुमति देने से पहले उस मैनहोल के कवर को कम से कम एक घण्टा पहले खोल दिया गया है तथा वेंटीलेशन कर दिया गया है और इस प्रकार खोले गए

मैनहोल को यथा-उपयुक्त रेलिंग से घेर दिया जाएगा तथा आम जनता को दुर्घटना से बचाने के लिए चेतावनी संकेत अथवा बोर्ड की व्यवस्था की जाएगी।

च) संविदाकार किसी भी रूप में सीसे वाले उत्पाद से पेंटिंग करने के कार्य पर 18 वर्ष से कम आयु के पुरूष और महिला को नहीं रखेगा। जब सीसे से पेंटिंग करने के कार्य पर 18 वर्ष से अधिक आयु के पुरूष को रखा जाए तो निम्नलिखित सावधानी बरती जानी चाहिए :-

1) पेस्ट अथवा तैयार पेंट के रूप को छोड़कर सीसे वाले पेंट अथवा सीसे वाले उत्पाद का उपयोग नहीं किया जाएगा।
2) स्प्रे के रूप में पेंट का उपयोग किए जाने पर अथवा सीसी वाले सूखे पेंट की सतह को रगड़ने और खुरचने पर कामगारों द्वारा उपयोग किए जाने के लिए उपयुक्त फेस मास्क प्रदान किए जाने चाहिए।
3) कामगारों को सभी प्रकार के उपकरण संविदाकार द्वारा प्रदान किए जाएंगे और इस संबंध में पर्याप्त सुविधाएं प्रदान की जाएंगी ताकि कार्य करने वाले पेंटर कार्य के दौरान और कार्य समाप्त होने पर शरीर को साफ-स्वच्छ रख सकें।

iii) जब कार्य किसी ऐसे स्थान के पास किया जाए जहां मलबे में दबने का जोखिम हो सकता है तो वहां सभी अनिवार्य उपस्कर प्रदान किए जाने चाहिए तथा उपयोग के लिए तैयार रखे जाने चाहिए और किसी व्यक्ति के खतरे में आने पर तीव्र राहत और बचाव कार्रवाई करने के लिए सभी अनिवार्य उपाय किए जाने चाहिए तथा कार्य को करने के दौरान हो सकने वाली सभी प्रकार की दुर्घटना का तत्काल प्रथम उपचार किए जाने के लिए उपयुक्त प्रावधान किया जाना चाहिए।

iv) होइस्टिंग मशीन और टेकल्स उनके सम्बद्ध सामान, एन्कोरेज और सपोर्ट सहित निम्नलिखित मानकों तथा शर्तों के अनुरूप होने चाहिए :

क) ये बेहतर यांत्रिक निर्माण, सुदृढ़ सामग्री और पर्याप्त क्षमता वाले होंगे तथा पेटेंट दोष से मुक्त होंगे और इन्हें बेहतर कार्य स्थिति में रखा जाएगा।

ख) सामग्री के ऊपर ले जाने अथवा नीचे लाने में अथवा सस्पेंशन के उपाय के रूप में उपयोग की जाने वाली प्रत्येक रोप मजबूत गुणवत्ता तथा पर्याप्त क्षमता वाली होगी और पेटेंट दोष से मुक्त होगी।

ग) प्रत्येक क्रेन ड्राइवर और होइस्टिंग उपकरण प्रचालक उपयुक्त रूप से इस कार्य के लिए योग्य होगा और 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को किसी स्काफोल्डिंग, विंच

अथवा प्रचालक को संकेत करने की जिम्मेदारी नहीं दी जानी चाहिए।

घ) प्रत्येक होइस्टिंग मशीन के मामले में और होइस्टिंग अथवा लोअरिंग अथ्वा सस्पेंशन के उपाय के रूप में उपयोग की जाने वाली प्रत्येक चेन रिंग हुक, शेकल, स्वीवेल और पुली ब्लॉक के संबंध में पर्याप्त उपायों से सुरक्षित कार्यभार सुनिश्चित किया जाएगा। उपर्युक्त उल्लिखित प्रत्येक होइस्टिंग मशीन और सभी गीयर पर उन सुरक्षित कार्यभार कार्यदशाओं का स्पष्ट रूप से

उल्लेख किया जाएगा जिनके तहत यह लागू है तथा इन्हें स्पष्ट रूप से दर्शाया जाएगा। इस पैरा में उपर्युक्त यथा उल्लिखित किसी मशीन अथवा गीयर का कोई भाग जांच के उद्देश्यार्थ स्थिति को छोड़कर सुरक्षित कार्यभार से अधिक नहीं भरा जाएगा।

ड.) किसी विभागीय मशीन के मामले में सुरक्षित कार्यभार संबंधित प्रभारी इंजीनियर द्वारा अधिसूचित किया जाएगा। जहां तक संविदाकार की मशीन का संबंध है, संविदाकार जब किसी मशीन को कार्य-स्थल पर लाएगा तो प्रभारी इंजीनियर को मशीन के सुरक्षित कार्यभार के बारे में सूचित करेगा और इसे संबंधित इंजीनियर से सत्यापित कराएगा।

v) मोटर, गीयर, पारेषण लाइन, बिजली के तार और होइस्टिंग उपकरणों के अन्य खतरनाक भाग के लिए कारगर सुरक्षा व्यवस्था की जानी चाहिए। होइस्टिंग उपकरणों में ऐसे उपायों की व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे भार के कारण होने वाली दुर्घटना को न्यूनतम तक कम किया जा सके, किसी सस्पेंडिड भार को ले जाने से होने वाली दुर्घटना को न्यूनतम तक कम करने के लिए पर्याप्त सावधानी बरती जानी चाहिए। जब कामगारों को इस प्रकार की बिजली स्थापना पर तैनात किया जाए जहां बिजली मौजूद है तो उन्हें यथा-आवश्यक इन्सुलेटिंग चटाई, पहनने वाले कपड़े जैसे दस्ताने, स्लीव और जूते इत्यादि प्रदान किए जाने चाहिए। इस प्रकार के कामगार कोई अंगूठी, घड़ी और कैरी की अथवा ऐसी सामग्री का उपयोग नहीं करेंगे जिनमें से बिजली प्रवाहित हो सकती है।

vi) इसमें उल्लिखित अथवा निर्धारित सभी स्काफोल्ड, सीढ़ी और अन्य सुरक्षा उपकरण सुरक्षित दशाओं में रखे जाएंगे और किसी स्काफोल्ड, सीढ़ी अथवा उपस्कर को उपयोग करते समय बदला नहीं जाएगा अथवा हटाया नहीं जाएगा। इसके साथ-साथ कार्य-स्थल और इसके आस-पास पर्याप्त वाशिंग सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

vii) कार्य-स्थल पर प्रमुख स्थान पर नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करके इन सुरक्षा प्रावधानों को सभी संबंधितों की जानकारी में लाया जाना चाहिए। संविदाकार इनमें इस सुरक्षा संहिता के अनुपालन के लिए उत्तरदायी व्यक्ति के नाम का उल्लेख करेगा।

viii) सुरक्षा सावधानी से संबंधित नियमों और विनियमों को कारगर ढंग से लागू करना सुनिश्चित करने के लिए संविदाकार द्वारा की गई व्यवस्था कल्याण अधिकारी, प्रभारी इंजीनियर अथवा प्रशासन के सुरक्षा इंजीनियर अथवा उनके प्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण के लिए खुली रखी जाएगी।

ix) उपर्युक्त खण्डों के बावजूद इनमें ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिससे संविदाकार को भारत गणराज्य में लागू किसी अधिनियम अथवा नियम को लागू करने से छूट प्रदान की गई हो। अस्थाई कार्य सहित सम्पूर्ण कार्य इस प्रकार किया जाएगा कि इससे कार्य-स्थल पर तथा इसके आस-पास किसी सड़क अथवा फुटपाथ पर यातायात संबंधी अथवा किसी मौजूदा कार्य, प्रशासन की अथवा किसी तृतीय पक्षकार की किसी सम्पत्ति के संबंध में कोई समस्या उत्पन्न न हो।

उपर्युक्त के अतिरिक्त संविदाकार समय-समय पर केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की सुरक्षा संहिता और भारतीय मानक सुरक्षा संहिता के अनुसार सुरक्षा संहिता प्रावधान का अनुपालन करेगा।

117 ज्वलनशील गैस को संभालने में सावधानी बरतना :

117.1 संविदाकार को ज्वलनशील गैस सिलेंडर/ज्वलनशील तरल पदार्थ/पेंट इत्यादि को संभालने में कानून के तहत यथा-अपेक्षित और/अथवा नियोक्ता के अग्निशमन प्राधिकारियों द्वारा सुझाए गए निवारक उपायों को सुनिश्चित करना होगा तथा इस संबंध में अत्यधिक सावधानी बरतनी होगी।

118 अस्थाई ज्वलनशील अवसंरचना : 118.1 कार्य-स्थल के पास अथवा चारों ओर कोई अस्थाई ज्वलनशील अवसंरचना नहीं बनाई जाएगी।

119 अग्नि से बचाव की सावधानियां : 119.1 संविदाकार को प्रभारी इंजीनियर द्वारा यथा-संस्तुत अग्निशमन उपकरण, अग्निशमन बकेट और ड्रम की व्यवस्था करनी होगी। उन्हें ज्वलनशील गैस सिलेंडर/ज्वलनशील तरल पदार्थ/पेंट इत्यादि को संभालने में प्रभारी इंजीनियर द्वारा सुझाए गए सभी निवारक उपाय सुनिश्चित करने होंगे तथा इस संबंध में अत्यधिक सावधानी बरतनी होगी। कार्य-स्थल के पास अथवा चारों ओर कोई अस्थाई ज्वलनशील अवसंरचना नहीं बनाई जाएगी।

120 ज्वलनशील पदार्थ :

120.1 संविदाकार इस संबंध में प्रभारी इंजीनियर की लिखित पूर्व अनुमति के बिना कार्य पर अथवा कार्य-स्थल पर किसी ज्वलनशील पदार्थ को स्टोर नहीं करेगा अथवा उसका उपयोग नहीं करेगा और इस प्रकार की लिखित अनुमति प्राप्त करने के बाद भी इस प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग उस तरीके और सीमा तक करेगा जिसके संबंध में अनुमति प्रदान की गई है। यदि किसी कार्य के लिए ज्वलनशील पदार्थ की आवश्यकता है तो उसे संविदाकार की लागत पर प्रदान की जाने वाली विशेष मैगजीन में ज्वलनशील पदार्थ नियमों के अनुसार स्टोर किया जाएगा। संविदाकार इस प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ को स्टोर करने और उपयोग करने के बारे में अनिवार्य लाइसेंस प्रापत करेगा और ऐसे सभी प्रचालन जिनमें ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग किया जाना है, केवल संविदाकार के जोखिम और उत्तरदायित्व के अधीन होंगे तथा संविदाकार इनसे प्रत्यक्ष रूप से अथवा अप्रत्यक्ष रूप से होने वाली किसी क्षति अथवा हानि से नियोक्ता को सुरक्षित रखेगा।

121 खान अधिनियम :

121.1 सुरक्षा संहिता : संविदाकार संबंधित कार्यों को निष्पादित करने के लिए प्रत्यक्ष रूप से तैनात किए गए सभी श्रमिकों के लिए प्रभारी इंजीनियर द्वारा यथा-अपेक्षित सुरक्षा प्रावधानों की व्यवस्था स्वयं अपने व्यय पर करेगा तथा इनके संबंध में सभी सुविधाएं प्रदान करेगा। संविदाकार के उपर्युक्त उल्लिखित व्यवस्था करने तथा अनिवार्य सुविधाएं प्रदान करने में असफल रहने पर प्रभारी इंजीनियर ऐसा करने और इनकी लागत संविदाकार से प्राप्त करने का पात्र होगा।

121.2 दुर्घटना के संबंध में सूचना देने और महिला कामगारों को मातृत्व लाभ प्रदान करने से संबंधित सुरक्षा संहिता अथवा प्रावधानों का अनुपालन करने में असफल रहने पर संविदाकार परिनिर्धारित नुकसानी के रूप में कम्पनी को प्रत्येक दोष अथवा काफी गलत विवरण देने के लिए अधिकतम 50 रुपए की राशि का भुगतान करेगा। निरीक्षण अधिकारी से और प्रभारी इंजीनियर के प्रतिनिधि से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर इस प्रकार के मामले में प्रभारी इंजीनियर का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा और खान अधिनियम, 1952 के सभी प्रावधानों अथवा इस समय लागू इनके किसी सांविधिक

संशोधन अथवा पुन: अधिनियमन और इस संविदा के तहत तैनात किए गए सभी व्यक्तियों के संबंध में इनके तहत बनाए गए नियमों तथा विनियमों के अनुसार संविदाकार को देय किसी राशि में से इस प्रकार की परिनिर्धारित नुकसानी को वसूल करने के लिए कटौती की जाएगी और संविदाकार खान अधिनियम अथवा इसके तहत बनाए गए नियमों और विनियमों के द्वारा अथवा उसके द्वारा अथवा अन्यथा तैनात किए गए किसी व्यक्ति की ओर से किए जाने वाले किसी ऐसे दावे से नियोक्ताओं को सुरक्षित रखेगा।

122 स्थान को सुरक्षित रखना : 122.1 संविदाकार संबंधित कार्य के आस-पास शांति बनाए रखने और निवासियों के संरक्षण तथा सम्पत्ति की सुरक्षा के लिए और अपने कामगारों में तथा कार्यों पर लगाए गए अन्य कामगारों में अथवा उनके किसी दंगाई अथवा अवैध व्यवहार से बचाव के यथा-अपेक्षित उपाय करेगा तथा इस संबंध में सर्वोत्तम प्रयास करेगा। किसी कार्य को करने के दौरान कार्य-स्थल पर अथवाइसके आस-पास के क्षेत्र में नियोक्ता को विशेष पुलिस बल की आवश्यकता होने की स्थिति में उसका पूरा खर्च संविदाकार वहन करेगा और यदि नियोक्ता ने इसका भुगतान कर दिया है तो उसे संविदाकार से वसूल किया जाएगा।

123 संक्रमण रोग प्रारंभ होना : 123.1 संविदाकार अपने शिविर से ऐसे श्रमिक और उनकी सुविधाओं को हटा लेगा जो प्रभारी इंजीनियर के प्रतिनिधि द्वारा कहे जाने पर टीकाकरण कार्यक्रम को अपनाने तथा टीका लगवाने से मना करते हैं। यदि हैजा, प्लेग अथवा किसी अन्य संक्रामक रोग का हमला हो जाता है तो संविदाकार उस रोग से प्रभावित व्यक्ति की झौपड़ी, बैड, कपड़े और अन्य सामान अथवा उसके द्वारा उपयोग किए गए सामान को जला देगा तथा प्रभारी इंजीनियर यथा-अपेक्षित किसी अन्य बेहतर स्थल पर तत्काल नई झौपड़ी बनाएगा, ऐसा न करने पर इंजीनियर की मांग के अनुसार यथा-विनिर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर संबंधित कार्य नियोक्ता द्वारा किया जा सकता है तथा इसकी लागत संविदाकार से वसूल की जाएगी।

124 विषैले पदार्थ का उपयोग करना : 124.1 संविदाकार अथवा उसके किसी कर्मचारी के कब्जे में अथवा उसके नियंत्रणाधीन, भवन, शिविर, चाल में स्प्रिट अथवा अन्य विषैले पदार्थ, शराब इत्यादि की अवैध बिक्री निषेध है और संविदाकार इस शर्त के कठोर अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए यथा-संभव सीमा तक अपने प्रभावतथा प्राधिकार का प्रयोग करेगा।

उपर्युक्त के अतिरिक्त संविदाकार समय-समय पर केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग सुरक्षा संहिता और भारतीय मानक संहिता के अनुसार सुरक्षा संहिता प्रावधान का अनुपालन भी करेगा।

<u>नियोक्ता द्वारा सामग्री की आपूर्ति करने के लिए क्षतिपूर्ति बाण्ड का प्रोफार्मा</u>

(यथा-उपयुक्त मूल्य के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निष्पादित किया जाए)

जबकि गेल (इण्डिया) लिमिटेड (इसमें आगे गेल के रूप में उल्लेख किया गया है) जिसकी अभिव्यक्ति में जब तक इस संदर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो इनके विधिक प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और यथा-निर्धारितव्यक्तिशामिल होंगे जिनका पंजीकृत कार्यालय 16, भीकाजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम, नई दिल्लीहै, ने संविदाकार _____ (इसमें आगे संविदाकार के रूप में उल्लेख किया गया है और जिसकी अभिव्यक्ति में जब तक इस संदर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो उनके विधिक प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और यथा-निर्धारित व्यक्ति शामिल होंगे) के साथ अन्य बातों के साथ-साथ दिनांक _____ की संविदा संख्या ..... और इसके भाग के रूप में विभिन्न दस्तावेजों जिनका सामूहिक रूप से संविदा के रूप में उल्लेख किया गया है और जिसकी अभिव्यक्ति में इसके सभी संशोधन, आशोधन और/अथवा घट-बढ़ शामिल होंगी, में यथा-निर्धारित निबंधन और शर्तों पर ..... के लिए संविदा की है।

और जबकि

i) गेल ने संविदाकार को उक्त संविदा के निष्पादन के उद्देश्यार्थ और संविदाकार द्वाराइस संविदा को निष्पादित किए जाने तक उपस्कर, संयंत्र तथा सामग्री (पूर्ण रूप से परिष्कृत, आंशिक रूप से परिष्कृत और कच्ची सामग्री) (गेल द्वारा संविदाकार को प्रदान किए जाने वाले उपस्कर, संयंत्र और सामग्री, संक्षेप में आगे "उक्त सामग्री" के रूप में उल्लेख किया गया है) प्रदान करने तथा उक्त सामग्री को शामिल करने पर सहमति व्यक्त की है, उक्त सामग्री संविदाकार की अभिरक्षा तथा प्रभार में होगी और यह केवल संविदाकार के जोखिम तथा व्यय पर ही रखी जाएगी, स्टोर की जाएगी, परिवर्तित की जाएगी, कार्य पर ले जाई जाएगी और/अथवा मिलाई जाएगी।

ii) गेल द्वारा संविदाकार को आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की पूर्व शर्त के रूप में गेल ने संविदाकार से इसमें आगे उल्लिखित तरीके से और निबंधन तथा शर्तों के अनुसार गेल को क्षतिपूर्ति बाण्ड प्रदान करने की अपेक्षा की है।

इसलिए अब उपर्युक्त आधार पर विचार करते हुए संविदाकार एतदद्वारा स्पष्ट रूप से बिना शर्त गेल को सभी प्रकार की हानि, क्षति और विध्वंस (संविदाकार के नियंत्रणाधीन अथवा किसी मद अथवा किसी भाग को चोरी, उठाईगिरी, आग, बाढ़, तूफान, चक्रवात, बिजली, विस्फोट, स्टोरेज, रसायनिक अथवा भौतिक क्रिया अथवा प्रतिक्रिया, बाइंडिंग, खराब हो जाने, प्रभाव, रस्टिंग, दोषपूर्ण कामगार, दोषपूर्ण मिश्रण अथवा मिश्रण की दोषपूर्ण पद्धति अथवा तकनीक, हड़ताल, दंगा, नागरिक हुल्लड़ अथवा किसी अन्य कार्य अथवा चूक अथवा भूल से होने वाली किसी अथवा सभी हानि अथवा क्षति अथवा विध्वंस), दुरुपयोग और दुर्विनियोजन (संविदाकार और संविदाकार के नौकर और/अथवा अभिकर्त्ता द्वारा दुरुपयोग और दुर्विनियोजन शामिल है किंतु इन तक सीमित नहीं) जो उक्त सामग्री अथवा उसके किसी भाग के संबंध में हो, की तारीख से जब वह सामग्री अथवा उसका संबंधित भाग संविदाकार को प्रदान किया गया था, से गेल को उक्त सामग्री अथवा उसकी मद के संबंधित भाग को वापस करने की तारीख तक अथवा उक्त

सामग्री को शामिल करके संबंधित कार्य पूरा किए जाने तक क्षतिपूर्ति करने और गेल को सुरक्षित रखने का वचन देता है और उक्त सामग्री अथवा मद अथवा उसके भाग की हानि, क्षति, विध्वंस, दुरुपयोग और/अथवा दुर्विनियोजन, जैसा भी मामला हो, की गेल द्वारा यथा-विनिर्दिष्ट कीमत को गेल की ओर से लिखित में मांग किए जाने पर अथवा गेल की लागत और व्यय (संभालने, परिवहन, ढुलाई, बीमा, माल-भाड़ा, पैकिंग और निरीक्षण लागत/अथवा तक व्यय) और औसत सीमा _____रुपए (_____ रुपए केवल) को बिना विरोध तथा ना-नुकर के अदा करने का आश्वासन देता है।

और संविदाकार एतदद्वारा गेल के साथ इस बात पर सहमति व्यक्त करता है कि :

i) यह क्षतिपूर्ति/आश्वासन एक प्रकार से सतत क्षतिपूर्ति और आश्वासन होगा तथा इसके तहत _____ अर्ध रात्रि तक उत्पन्न होने वाले गेल के सभी दावों के लिए वैध और अपरिवर्तनीय बने रहेंगे। तथापि, यदि यह संविदा जिसकी क्षतिपूर्ति/आश्वासन दिया गया है इस तारीख तक पूरी नहीं होती तो संविदाकार एतद्वारा इस क्षतिपूर्ति/आश्वासन को इस संविदा को पूरी करने की यथा-अपेक्षित अवधि तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त करता है।

ii) इस क्षतिपूर्ति/आश्वासन को संविधान में किसी परिवर्तन अथवा संविदाकार के दिवालिया होने के आधार पर निर्धारित नहीं किया जाएगा किंतु इसकी शर्तों के अनुसार गेल को देय सभी राशि का भुगतान किए जाने तक सभी प्रकार से और सभी उद्देश्यों के लिए बाध्यकारी और लागू रहेगा।

iii) संविदाकार की अभिरक्षा में रहते हुए और/अथवा तैयार की गई संरचना के कार्य (कार्यों) को पूरा करने तथा उक्त सामग्री को शामिल करके उसे कार्य-स्थल पर प्रदान करने से पहले गेल द्वारा अथवा गेल की ओर से उक्त सामग्री अथवा मद अथवा उसके किसी भाग के संबंध में संविदाकार को सम्बोधित किसी नोटिस अथवा मांग अथवा अन्य लिखत में आरोप लगाने का विवरण देना इस तथ्य के बारे में निर्णायक होगा कि उक्त सामग्री अथवा मद अथवा उसके किसी भाग की संविदाकार को आपूर्ति कर दी गई थी और/अथवा संविदाकार की अभिरक्षा में रहते हुए और/अथवा तैयार की गई संरचना के कार्य (कार्यों) को पूरा करने तथा उक्त सामग्री को शामिल करके उसे कार्य-स्थल पर प्रदान करने से पहले होने वाली किसी हानि, क्षति, गड़बड़, दुरुपयोग अथवा दुर्विनियोजन जैसा भी मामला हो, इसके संबंध में गेल की ओर से किसी दस्तावेजी साक्ष्य अथवा अन्य साक्ष्य प्रस्तुत करने की आवश्यकता के बिना ऐसा किया माना जाएगा।

iv) इस प्रकार की उक्त सामग्री की हानि, क्षति, गड़बड़, दुरुपयोग अथवा दुर्विनियोजन के मूल्य, इनके संबंध में गेल द्वारा वहन की गई लागत तथा व्यय सहित, के बारे में गेल द्वारा संविदाकार को सम्बोधित किसी मांग नोटिस में यथा-उल्लिखित राशि उस सामग्री का निर्णायक मूल्य होगा और गेल को अदा की जाने वाली देय राशि की उक्त लागत तथा व्यय जिनके संबंध में कोई वाउचर, बिल अथवा अन्य दस्तावेज अथवा साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा तथा इस प्रकार की राशि का भुगतान मांग किए जाने पर बिना किसी ना-नुकर के करना होगा और इस संबंध में कोई विवाद नहीं किया जाएगा।

अधोहस्ताक्षरी दिनांक _____ को मुख्तारनामे के तहत संविदाकार की ओर से इस क्षतिपूर्ति बाण्ड को निष्पादित करने की पूर्ण शक्ति रखता है।

(सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर)

स्थान :

दिनांक :

संविदाकार की कार्यालय मुहर

संविदा करार का प्रोफार्मा

एलओए सं0 गेल/ दिनांक ----------

गेल (इण्डिया) लिमिटेड के ..... कार्य के लिए दिनांक ..... को ..... (नाम और पता), इसमें आगे ' संविदाकार' कहा गया है (जिसमें जब तक इस विषय अथवा संदर्भ में छोड़ा न गया हो अथवा प्रतिकूल न हो उसके उत्तराधिकारी और अनुमत्य व्यक्ति शामिल होंगे) प्रथम पक्षकार और गेल (इण्डिया) लिमिटेड, इसमें आगे ' नियोक्ता' कहा गया है (जिसमें जब तक इस विषय अथवा संदर्भ में छोड़ा न गया हो अथवा प्रतिकूल न हो, उसके उत्तराधिकारी और अनुमत्य व्यक्ति शामिल होंगे) द्वितीय पक्षकार के मध्य संविदा करार सम्पन्न किया गया है।

जबकि

क. संविदाकार ने निविदा आमंत्रण पत्र, सामान्य निविदा नोटिस, संविदा की सामान्य शर्तों, संविदा की विशेष शर्तों, कार्यों के विनिर्देशन, नक्शों, योजनाओं, पूरा करने की समय-सारिणी, दर-अनुसूची, सहमत अंतर, अन्य दस्तावेज सहित इस निविदा दस्तावेज में उल्लिखित, उपबंधित अथवा से संबंधित कतिपय कार्य को प्रदान करने तथा निष्पादित कराने की इच्छा रखते हुए निविदा आमंत्रित की है।

ख. संविदाकार ने इस निविदा दस्तावेज में विनिर्दिष्ट कार्य के कार्य-स्थल और इसके आस-पास के स्थानों का निरीक्षण किया है और स्वयं को अपनी निविदा प्रस्तुत करने से पहले इस संविदा के तहत निष्पादित किए जाने वाले कार्य को निष्पादित करने और पूरा करने से संबंधित अथवा के बारे में सतह, परत, मृदा, उप-मृदा और जमीन, कार्य-स्थल और स्थानीय दशाओं के स्वरूप तथा प्रकृति, कार्य की मात्रा, स्वरूप और महत्व, कार्य को निष्पादित करने के लिए यथा-आवश्यक श्रमिकों तथा सामग्री की आवश्यकता, कार्य-स्थल तक जाने के साधन, इसके संबंध में बिजली और पानी की आपूर्ति तथा यथा-अपेक्षित आवास के संबंध में संतुष्ट किया है और स्थानीय तथा स्वतंत्र जांच की है तथा निविदा दस्तावेज में यथा-उल्लिखित अथवा निहित अथवा से संबंधित मामलों और तथ्यों के संबंध में पूरी सूचना प्राप्त की है तथा उन सभी संभावित अथवा भावी परिस्थितियों, विलम्ब, बाधाओं अथवा व्यवधान के स्वरूप और मात्रा पर विचार किया है जो इस संविदा के तहत निष्पादित किए जाने वाले कार्य को निष्पादित करने और पूरा करने के संबंध में अथवा बारे में उत्पन्न हो सकते हैं तथा अन्य सभी मामलों, दशाओं और तथ्यों तथा संभावित और भावी आकस्मिक परिस्थितियों तथा सामान्यत: इनसे संबंधित सभी मामलों और इनके ऐसे आनुषंगिक मामलों जो कार्य को निष्पादित करने तथा पूरा करने पर प्रभाव ड़ाल सकते हैं तथा ऐसे तथ्यों जो मुझे निविदा प्रस्तुत करने में प्रभावित कर सकते हैं, की जांच की है तथा इन पर विचार किया है।

ग. निविदा आमंत्रण सूचना पत्र, संविदा की सामान्य शर्तें, संविदा की विशेष शर्तें, दर अनुसूची, सामान्य दायित्व, विनिर्देशन, नक्शे, योजनाएं, कार्यों को पूरा करने की समय-सारिणी, निविदा को स्वीकार करने का पत्र और यद्यपि इस संविदा के भाग के रूप में इसमें अलग से निर्धारित संलग्नक जिनकी प्रतियां इसमें लगी हैं, में सहमत अंतर से संबंधित कोई विवरण जहां भी इसमें उपयोग किया गया है, सहित अन्य निविदा दस्तावेज ' संविदा' की अभिव्यक्ति में शामिल है।

और जबकि

नियोक्ता ने संविदाकार की निविदा को इस निविदा के निबंधन और शर्तों के आधार पर कार्य की मात्रा की सूची में यथा-उल्लिखित और अंतत: नियोक्ता द्वारा अनुमोदित दरों (इसमें आगे "दर अनुसूची" कहा गया है) पर उक्त कार्य की व्यवस्था करने तथा निष्पादित करने के लिए स्वीकार किया है।

अब यह करार प्रमाण है और इसके बारे में एतद्वारा सहमति व्यक्त की जाती है और इसे इस प्रकार घोषित किया जाता है :-

1. संविदाकार द्वारा निष्पादित किए जाने वाले कार्य के लिए संविदाकार को किए जाने वाले भुगतान पर विचार करते हुए संविदाकार एतद्वारा नियोक्ता को यह वचन देता है कि संविदाकार उक्त कार्य को निष्पादित करने और पूरा करने की यथा-उपयुक्त रूप से व्यवस्था करेगा और इस संविदा में उल्लिखित अथवा निर्धारित अथवा उक्त कार्य को पूरा करने के लिए इसमें निहित अथवा औचित्यपूर्ण तरीके से यथा-आवश्यक सभी कार्य करेगा अथवा निष्पादित करेगा तथा इन्हें संविदा में उल्लिखित समय पर और तरीके से इसमें यथा-उल्लिखित निबंधनों और शर्तों अथवा निर्धारण के आधार पर करेगा।

2. उक्त कार्य को निष्पादित करने और पूरा करने के लिए यथा-उपयुक्त प्रावधान पर विचार करते हुए नियोक्ता एतद्वारा संविदाकार के साथ इस बात पर सहमत है कि नियोक्ता संबंधित संविदाकार को उसके द्वारा वास्तविक रूप से किए गए कार्य के लिए निर्धारित की गई और नियोक्ता द्वारा दर अनुसूची के आधार पर अनुमोदित राशि तथा इस संविदा के प्रावधान के तहत संविदाकार को देय इसी प्रकार की अन्य राशि का भुगतान करेगा। इस प्रकार का भुगतान इस संविदा में यथा-उल्लिखित समय पर और तरीके से किया जाए।

और

3. उक्त कार्य को निष्पादित करने तथा पूरा करने के लिए यथा-उपयुक्त प्रावधान पर विचार करते हुए संविदाकार एतद्वारा नियोक्ता की ओर से संविदाकार को प्रदान की जाने वाली विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति जैसी सेवाओं के लिए देय राशि और इस संविदा में यथा-निर्धारित सेवाओं के लिए देय राशि तथा इस प्रकार की राशि जो उपभोग सामग्री की नियंत्रित मदों के संबंध में अथवा नियोक्ता के उपस्कर, निर्माण सामग्री, संयंत्र और मशीनरी की किसी हानि, क्षति के संबंध में नियोक्ता को देय हो सकती है, का नियोक्ता को भुगतान करने पर सहमति व्यक्त करता है, इस प्रकार का भुगतान इस संविदा में यथा-उल्लिखित समय पर और तरीके से किया जाए।

नियोक्ता और संविदाकार ने इस बात को स्पष्ट रूप से और विशेष रूप से समझकर इसके लिए सहमति व्यक्त की है कि संविदाकार को इन कार्यों को निष्पादित करने के लिए नियोक्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए कार्य-स्थल में अथवा उस स्थल पर संविदाकार द्वारा निष्पादित भवन, संरचना अथवा कार्य में अथवा उक्त स्थल पर (जब तक वे विशेष रूप से संविदाकार से संबंधित न हों) लाए गए किसी माल, सामान, सामग्री इत्यादि में कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा और संविदाकार भुगतान न किए गए बिलों के लिए प्रभार, जो कोई भी हो, पर कोई ग्रहणाधिकार नहीं होगा या माना नहीं जाएगा; एसआईटीई या ढांचों को ग्रहण करने या कब्जा या नियंत्रण करने का कोई अधिकार नहीं होगा तथा नियोक्ता को साइट का पूरा कब्जा करने तथा संविदाकार, उनके सेवकों, एजेंटों और संविदाकर की सामग्रियों, जो साइट पर पड़ी हैं, को हटाने का पूरा अधिकार होगा या स्वतंत्र होगा।

संविदाकार इस कार्य-स्थल पर संबंधित कार्य को निष्पादित करने के लिए वैध लाइसेंसधारी को प्रवेश करने की अनुमति प्रदान करेगा और उसे कार्य-स्थल तथा उस पर स्थापित संरचना में कोई दावा, अधिकार, स्वामित्व अथवा हित प्राप्त नहीं होगा और नियोक्ता को किसी समय बिना कारण बताए इस प्रकार के लाइसेंस को समाप्त करने का अधिकार होगा।

इस प्रकार के कार्य-स्थल पर उत्खनन कार्य करने अथवा खुदाई करने से प्राप्त रेत, कंकड-बजरी, पत्थर, लूज, मिट्टी, पहाड़ी चट्टान इत्यादि सहित संबंधित सामग्री जब तक इस संविदा के तहत अन्यथा स्पष्ट रूप से सहमति व्यक्त न की गई हो, अनन्य रूप से नियोक्ता की होगी और संविदाकार को इसके संबंध में कोई दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा तथा इस प्रकार की उत्खनन और अन्य सामग्री का निपटान समय-समय पर प्रभारी इंजीनियर द्वारा लिखित में जारी किए गए निर्देश के अनुसार नियोक्ता द्वारा किया जाना चाहिए।

जिनके समक्ष पक्षकारों ने इन्हें निष्पादित किया है उनका विवरण पहले ऊपर लिखी गई तारीख और वर्ष में दिया गया है।

नियोक्ता के लिए और की ओर से हस्ताक्षर किए गए और प्रदान किया गया	संविदाकार के लिए और की ओर से हस्ताक्षर किए गए और प्रदान किया गया
गेल (इंडिया) लिमिटेड	(संविदाकार का नाम)
_____	_____
_____	_____
दिनांक :_____	दिनांक :_____
स्थान :_____	स्थान :_____
दो गवाहों की उपस्थिति में	
1._____	1. _____
_____	_____
_____	_____
2._____	2. _____
_____	_____
_____	_____